

दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



फिर कॉमेडी करने आ रहे हैं अनु उत्तर दा पुत्तर का ट्रेलर रिलीज...

सुहावने मौसम का उठाया आनंद

वर्ष : 12 | अंक : 190 | लखनऊ, 04 जुलाई, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### यात्रियों से भरी बस खाई में गिरी, 40 की मौत



**इस्लामाबाद।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को यात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, पेशावर जा रही बस बलूचिस्तान के शेरानी जिले को पार करने के बाद खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में प्रवेश कर रही थी। इसी दौरान यह हादसा हुआ। हादसे में 8 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

### सीआरपीएफ की गाड़ी पलटी, 6 जवान घायल



**श्रीनगर।** मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में शुक्रवार को श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनमर्ग (गगनगीर) सुरंग के पास केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गया। इस हादसे में वाहन में सवार सीआरपीएफ के 6 जवान घायल हो गए हैं। गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से वाहन सड़क से फिसल गया। इस हादसे में सीआरपीएफ के 6 जवानों को चोटें आई हैं। स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### इबोला से अब तक 400 से ज्यादा हुई मौतें



**नई दिल्ली।** अफ्रीकी देशों के लिए इबोला संक्रमण गंभीर चिंता का कारण बना हुआ है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ (आईएनएसपी) की गुरुवार को जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 15 मई को बीमारी फैलने की घोषणा के बाद से संक्रमण की पुष्टि वाले 1,406 लोगों में से 438 लोगों की मौत हो चुकी है, यानी मृत्यु दर 31 प्रतिशत से थोड़ी ज्यादा है। इस बीमारी के फैलने का मुख्य केंद्र उत्तर-पूर्वी इतुरी प्रांत था, यहां पर 83 प्रतिशत से ज्यादा मौतें हुई हैं।

## देश के सशस्त्र सैन्य बलों को और अधिक आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम

# डीएसी की बैठक में 52,000 करोड़ रुपए की रक्षा खरीद को दी मंजूरी

तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता निगरानी व्यवस्था होगी मजबूत

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/नई दिल्ली,

देश के सशस्त्र सैन्य बलों को और अधिक आधुनिक व शक्तिशाली बनाने की दिशा में रक्षा मंत्रालय ने एक बड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में लगभग 52,000 करोड़ रुपए की पूंजीगत रक्षा खरीद परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी (एओएन) प्रदान की गई। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में स्वीकृत इन प्रस्तावों का उद्देश्य तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता, निगरानी व्यवस्था, वायु रक्षा और भविष्य के युद्ध क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने की तैयारी को मजबूत करना है।

डीएसी ने भारतीय सेना के लिए कई महत्वपूर्ण प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दी है। डीएसी की इस मंजूरी को भारत की रक्षा आधुनिकीकरण प्रक्रिया और आत्मनिर्भरता अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन प्रणालियों के शामिल होने से तीनों सेनाओं की युद्धक तैयारी, तकनीकी श्रेष्ठता और भविष्य की चुनौतियों से निपटने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। भारत पारंपरिक हथियारों के साथ-साथ ड्रोन, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, स्मार्ट मिसाइलों और उन्नत निगरानी प्रणालियों जैसे आधुनिक युद्धक साधनों पर भी तेजी से ध्यान केंद्रित कर रहा है।

*रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में स्वीकृत इन प्रस्तावों का उद्देश्य तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता, निगरानी व्यवस्था, वायु रक्षा और भविष्य के युद्ध क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने की तैयारी को मजबूत करना है*



**खरीदी जाएंगी**

- एंटी-ड्रोन इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली 'आकाश तरंग'
- मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम
- जेट आधारित कामिकाजे ड्रोन प्रणाली

### हवाई खतरों को रोकने की बड़ी तैयारी

'आकाश तरंग प्रणाली सेना की अग्रिम तैनातियों और महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों को दुश्मन के ड्रोन हमलों से सुरक्षा प्रदान करेगी। यह प्रणाली ड्रोन का पता लगाने, उन्हें बाधित करने और निष्क्रिय करने में सक्षम है। वहीं, एंटी-टैंक मिसाइल से इन्फेंट्री की ताकत बढ़ेगी। मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल प्रणाली सेना की इन्फेंट्री टुकड़ियों को दुश्मन के टैंक और बख्तरबंद वाहनों के खिलाफ अधिक प्रभावी बनाएगी। इससे अग्रिम मोर्चे पर सैनिकों की मारक क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। मध्यम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली और अत्यंत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टरों, ड्रोन तथा अन्य हवाई खतरों को रोकने में अहम भूमिका निभाएंगी।

### इलेक्ट्रॉनिक बाधाओं के बावजूद सेंसर प्रणाली काम करेगी

बहु-स्पेक्ट्रल सेंसर से लैस नई प्रणाली इलेक्ट्रॉनिक बाधाओं के बावजूद प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगी। सक्रिय सुरक्षा प्रणाली टैंकों की ओर आने वाली मिसाइलों और रॉकेटों को बीच रास्ते में ही नष्ट कर सकेगी। इससे युद्धक्षेत्र में टैंकों के सुरक्षित बने रहने की क्षमता बढ़ेगी। वहीं, नई पीढ़ी के जेट आधारित कामिकाजे ड्रोन दुश्मन के महत्वपूर्ण ठिकानों पर सटीक हमला करने में सक्षम होंगे। ये अधिक गति, बेहतर इलेक्ट्रॉनिक युद्धक क्षमता, अधिक मारक शक्ति और कम लागत के कारण भविष्य के युद्धों में महत्वपूर्ण होंगी।

### नौसेना की भी बढ़ेगी ताकत

*भारतीय नौसेना के लिए बहु-प्रभावी समुद्री माइन, नौसैनिक जहाजों से संचालित मानवरहित हवाई प्रणाली तथा विद्युत प्रणोदन प्रणाली के लिए भूमि आधारित परीक्षण सुविधा स्थापित करने को मंजूरी दी गई है। बहु-प्रभावी समुद्री माइन दुश्मन के युद्धपोतों और नौसैनिक अभियानों की स्वतंत्र आवाजाही को सीमित करने में मदद करेगी। इससे समुद्री क्षेत्रों की सुरक्षा और मजबूत होगी। उन्नत सेंसरों से लैस नई मानवरहित हवाई प्रणाली नौसेना को समुद्र में दूर तक निगरानी रखने, संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने और वास्तविक समय में जानकारी जुटाने में सहायता देगी। नई प्रणोदन प्रणाली के लिए स्थापित की जाने वाली परीक्षण सुविधा, नौसेना के भविष्य के जहाजों और प्रणालियों के परीक्षण तथा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।*

### ऊंचाई से होगी निगरानी

*वहीं, भारतीय वायुसेना के लिए फिक्स्ड-विंग आधारित उच्च ऊंचाई स्यूडो सैटेलाइट प्रणाली सहित अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। यह अत्याधुनिक प्रणाली लंबे समय तक ऊंचाई पर रहकर खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने, संचार सेवाएं उपलब्ध कराने और दूरसंवेदी कार्यों को अंजाम देने में सक्षम होगी। इससे वायुसेना को सीमावर्ती और रणनीतिक क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने में बड़ी सहायता मिलेगी।*

## पीएम क्रिस्टोफर लक्सन बोले

# न्यूजीलैंड की आर्थिक समृद्धि के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण देश

- **10-11 जुलाई को न्यूजीलैंड दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी**
- **न्यूजीलैंड और भारत के बीच हुए एफटीए को देंगे नई दिशा**



पीएम मोदी और लक्सन फाइल फोटो

अमन लेखनी समाचार/नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह न्यूजीलैंड की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा करेंगे। इस पर न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड की आर्थिक समृद्धि के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण देश है। पीएम लक्सन ने शुक्रवार सुबह 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते न्यूजीलैंड की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। भारत दुनिया की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और न्यूजीलैंड की आर्थिक समृद्धि के लिए बहुत महत्वपूर्ण देश है। उन्होंने लिखा कि हम अप्रैल में हुए न्यूजीलैंड-भारत मुक्त व्यापार समझौते के जरिए दोनों देशों के रिश्तों को एक नए स्तर पर ले जा रहे हैं। इससे न्यूजीलैंड में अधिक रोजगार मिलेगा, निर्यात बढ़ेगा और आर्थिक विकास मजबूत होगा। इससे 1.4 अरब की आबादी वाले भारतीय बाजार में हमारे वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात के नए अवसर खुलेंगे, जिससे न्यूजीलैंड के समुदायों में अधिक पैसा आएगा, नए रोजगार सृजित होंगे और आय में वृद्धि होगी।

### पिछले साल हुआ था यह समझौता

*बता दें कि पीएम मोदी 10 जुलाई को ऑकलैंड पहुंचेंगे और 11 जुलाई को वहां से रवाना होंगे। उनकी यह यात्रा भारत और न्यूजीलैंड के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौते के लगभग दो महीने बाद हो रही है। अप्रैल में भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता हुआ। इस समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के संबंध काफी मजबूत होने की उम्मीद है। भारत और न्यूजीलैंड ने 16 मार्च 2025 को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत की घोषणा की और रिकॉर्ड 9 महीनों में इसे पूरा किया, जिसके चलते यह अब तक का सबसे तेजी से पूरा होने वाला मुक्त व्यापार समझौता बन गया। एफटीए पर हस्ताक्षर से न्यूजीलैंड में भारतीय निर्यात के लिए बाजार पहुंच और टैरिफ में छूट में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही यह विस्तृत ओशिनिया और प्रशांत द्वीप बाजारों के लिए एक प्रवेश द्वार के तौर पर कार्य करेगा।*

## होनोलूलू पहुंचा पी-8आई विमान

# दुनिया के सबसे बड़े नौसैनिक अभ्यास में दिखाएगा भारत की समुद्री ताकत

अमन लेखनी समाचार/नई दिल्ली,



भारतीय नौसेना का अत्याधुनिक लंबी दूरी का समुद्री टोही और पनडुब्बी रोधी विमान पी-8आई अमेरिका के हवाई द्वीप स्थित होनोलूलू पहुंच गया है। यह विमान दुनिया के सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय नौसैनिक युद्धाभ्यास 'रिम ऑफ द पैसिफिक' में हिस्सा लेगा। अभ्यास 1 जुलाई से शुरू हो चुका है और 31 जुलाई तक चलेगा। भारतीय नौसेना ने इस भागीदारी को 'ब्रिजेस ऑफ फ्रेंडशिप' (मित्रता के पुल) का प्रतीक बताया है। इस अभ्यास में भाग लेकर भारतीय नौसेना ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी बढ़ती सामरिक भूमिका और क्षमता का स्पष्ट संदेश दिया है। नौसेना के अनुसार, यह भागीदारी स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराती है। साथ ही, मित्र देशों की नौसेनाओं के साथ इंटरऑपरेबिलिटी, समुद्री निगरानी और संचालनात्मक सहयोग को और मजबूत करेगी।

## संयुक्त राष्ट्र में भारत की दो टूक

# आतंकवादी सिर्फ 'आतंकी' होता है हत्या की विचारधारा मिटाना जरूरी

अमन लेखनी समाचार/नई दिल्ली,



भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटना विश्व समुदाय के सामूहिक प्रयासों का हिस्सा होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद को उचित ठहराने के लिए किसी भी शिकायत को आधार बनाए बिना इस 'हत्यारी विचारधारा' को जड़ से मिटाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया व कहा, आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी ही होता है। उन्होंने कहा कि भारत सीमा पार आतंकवाद का दशकों से शिकार रहा है। हमने इसकी भारी कीमत चुकाई है। आतंकवाद को किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। आतंकवाद के सभी रूपों और तरीकों की बिना किसी हिचकिचाहट निंदा की जानी चाहिए। सदस्य देशों को इस संबंध में पूरा सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद से निपटने को लेकर दोहरे मानदंडों को खारिज करना चाहिए।

# 'बम-बम भोले' के जयकारों से अमरनाथ यात्रा शुरू



*श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा के लिए वार्षिक यात्रा शुक्रवार को शुरू हो गई। श्रद्धालुओं का जत्था बालटाल एवं नुनवान आधार शिविरों से रवाना हुआ। रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच यात्रा तड़के दोनों मार्गों- 48 किमी लंबे पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग और 14 किमी लंबे बालटाल मार्ग-से शुरू हुई। इस दौरान 'बम-बम भोले' के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। पुरुषों, महिलाओं और साधुओं समेत श्रद्धालुओं का जत्था दिन निकलते ही दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम स्थित नुनवान आधार शिविर और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सोनमर्ग स्थित बालटाल आधार शिविर से रवाना हुआ।*

## स्लीपर सेल ध्वस्त करने में एटीएस की बड़ी कार्रवाई

# गुजरात-मध्य प्रदेश से जैश के 8 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/नई दिल्ली,

गुजरात आतंकवाद निरोधक (एटीएस) दस्ते ने गुजरात और मध्य प्रदेश से प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैसे मोहम्मद के 8 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 7 को गुजरात के पाटन एवं नवसारी से पकड़ा है जबकि एक बिलाल दुर्रानी घाघरा को मध्य प्रदेश के देवास से गिरफ्तार किया है। ये गुजरात में जैश ऐ मोहम्मद का आतंकी नेटवर्क खड़ा करने के लिए यह स्लीपर सेल की तैयारी कर रहे थे।



### इंटरनेट से पाक को देते थे जानकारी

*इंटरनेट मीडिया के माध्यम से यह पाकिस्तान स्थित अपने आकाओं से जुड़े हुए थे और उनसे आतंकी गतिविधियों और स्लीपर सेल के बारे में जानकारी साझा करते थे। प्रारंभिक पूछताछ के बाद बताया कि वह गुजरात में जैश ए मोहम्मद का एक आतंकी नेटवर्क बनाना चाहते थे। ताकि किसी बड़ी साजिश को अंजाम दे सकें।*

### बड़े आतंकी नेटवर्क को कर रहे थे तैयार

*पकड़े गए सभी आरोपी नए सदस्य बनाने, चरमपंथी विचारधारा फैलाने और आतंकी गतिविधियों के लिए सपोर्ट नेटवर्क तैयार करने का काम कर रहा था। 3 लोग सिद्धपुर और चिखली के मदरसों से भी जुड़े थे। एटीएस ने 'गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम' के तहत एफआईआर दर्ज की। साथ ही, भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने और आपराधिक साजिश से जुड़ी 'भारतीय न्याय संहिता' की धाराओं को भी इसमें शामिल किया गया है।*

## विदेश मंत्रालय का पाकिस्तान को फिर करारा जवाब

# सिंधु जल संधि रहेगी स्थगित, आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद करे

अमन लेखनी समाचार/नई दिल्ली,

भारत सरकार ने पाकिस्तान की ओर से लगातार उठाए जा रहे सिंधु जल संधि के मुद्दे पर करारा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सिंधु जल संधि पर भारत का रुख पहले जैसा ही है।

पाकिस्तान की ओर से लगातार सीमा पार आतंकवाद को समर्थन दिए जाने के कारण यह संधि फिलहाल स्थगित है। अगर पाकिस्तान चाहता है कि इस पर आगे बात हो, तो उसे सीमा पार आतंकवाद का समर्थन हमेशा के लिए पूरी तरह बंद करना होगा।

तीस्ता नदी परियोजना पर बांग्लादेश को मदद रोडमैप के आधार पर



रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता

### वेनेजुएला से निष्पक्ष जांच का अनुरोध

जायसवाल ने कहा कि वेनेजुएला में ड्यूटी के दौरान जहाज पर जान गंवाने वाले भारतीय नाविक राकेश चौहान के शव के साथ कथित छेड़छाड़ और अंग निकाले जाने के मामले को भारत ने वेनेजुएला सरकार के सामने उठाया है। हमने वहां की सरकार से इस मामले की जल्द और निष्पक्ष जांच कराने का अनुरोध किया है।

### तीस्ता नदी परियोजना की नियमित समीक्षा

*तीस्ता नदी परियोजना पर जायसवाल ने कहा कि भारत की ओर से मदद दोनों देशों की आपसी सहमति से बने रोडमैप के आधार पर दी जाती है। इसकी नियमित समीक्षा भी की जाती है। तीस्ता नदी परियोजना पर भारत अपने विचार पहले ही बांग्लादेश को बता चुका है। इस मुद्दे पर आगे की अपनी नीति बनाने समय हम सभी संबंधित पहलुओं को ध्यान में रखेंगे।*

### अफगानिस्तान पर हमलों की कड़ी निंदा

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अफगानिस्तान के मामले में, हमने पाकिस्तान से अफगानिस्तान पर हुए हवाई हमलों की कड़ी निंदा की थी, जिनमें महिलाओं और बच्चों समेत कई आम नागरिकों की जान चली गई थी। हमने इन कीमती जानें जाने पर अपनी संवेदना व्यक्त की थी। साथ ही, हमने अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के प्रति अपना मजबूत समर्थन भी दोहराया था। जहां तक अफगानिस्तान को दिए जा रहे समर्थन की बात है, तो हमारा मानवीय सहायता का सहयोग जारी है। हम उन्हें दवाइयां भेजते रहे हैं। हम उन्हें अन्य तरह की मदद भी भेजते रहे हैं।*

# यूपी को बनायेंगे विश्व का सर्वश्रेष्ठ मैंगो वैल्यू चेन का केंद्र : सीएम

- काकोरी ब्रांड में दिखता है देश के प्रति समर्पण
- जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगा इंटीग्रेटेड टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट पार्क

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर मलिहाबादी आम की चर्चा करते हुए कहा कि हमने इसे ह्यकाकोरी ब्रांडह्ण दिया है। काकोरी के अमर शहीदों ने देश की आजादी के लिए खुद का बलिदान दिया। उनकी स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए हमने इसे यह नाम दिया। काकोरी ब्रांड में देश के प्रति समर्पण का भाव और किसानों की मेहनत की मिठास है।

सीएम ने कहा कि सहारनपुर, वाराणसी, लखनऊ, अमरोहा में आम के आधुनिक पैक हाउस काम कर रहे हैं। इसके माध्यम से आम की ग्रेडिंग, शॉर्टिंग, पैकिंग कर निर्यात करने की व्यवस्था है। हम नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के पास इंटीग्रेटेड टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट पार्क का निर्माण करने जा रहे हैं, जिससे स्थानीय उत्पाद को आसानी से विदेशों में भेज सकें। आम के उत्पादन व गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए फ्रूट कवर बैग तकनीक का भी प्रयोग कर रहे हैं। विभाग ने आम किसानों को डेढ़ करोड़ से अधिक बैग उपलब्ध कराए हैं।

सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश को विश्व के सर्वश्रेष्ठ मैंगो वैल्यू चेन का केंद्र बनाने के लिए सामूहिक प्रयास हों। रिसर्च, आम की नई पौध के उत्पादन की तकनीक, ड्रोन व एआई बेस्ड फॉर्मिंग को बढ़ाने पर काम करने, क्वालिटी टेस्टिंग, फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड चेन, ब्रांडिंग, ई-कॉमर्स व ग्लोबल एक्सपोर्ट की पूरी व्यवस्था को इंटीग्रेट करने के लिए प्रयास करना होगा।

सीएम ने कहा कि यूपी के आम की अधिक से अधिक वैरायटी को जीआई टैग मिले, इसके लिए उद्यान विभाग अभी से आवेदन करे। सीएम ने जोर दिया कि खाद्यान्न, सब्जी, फल आदि यूपी के उत्पाद केमिकल फर्टिलाइजर व पेस्टिसाइड से मुक्त हों।दुनिया आज ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग कर रही है। हमें ऑर्गेनिक व ट्रेसेबल उत्पाद को पहुंचाने के लिए अभी से तैयारी करते हुए प्रशिक्षण देना होगा।

सीएम ने ओडीओसी की चर्चा कर आम के व्यंजनों पर जोर दिया। सीएम ने मैंगो टूरिज्म को नई पहचान दिलाने पर जोर दिया। कहा कि किसानों को एग्री इंटरप्रेन्योर्स बनाने की दिशा में बढ़ाना होगा। इसके लिए वैल्यू क्रिएशन, इनोवेशन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करना होगा। एआई ड्रोन, सेटेलाइट मैपिंग, प्रिसीजन फॉर्मिंग, सेंसर आधारित सिंचाई और डिजिटल मंडियों के माध्यम से स्मार्ट हॉर्टिकल्चर की तरफ अग्रसर होने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।



## 2-2 किलो का आम देखकर मुस्कुराये योगी

सीएम योगी ने लखनऊ आम महोत्सव में किसानों से आमों की खासियत जानी। इस दौरान सीएम ने दो-दो किलोग्राम किलो का आम देखा और मुस्कुराने लगे। इसके बाद दोनों हाथों में आम लेकर फोटो भी खिंचवाई। 3 से 5 जुलाई तक चलने वाले इस महोत्सव में 800 से अधिक किस्मों के आम प्रदर्शित किए गए हैं। इनमें दशहरी, लंगड़ा, चौसा, रटौल, लखनऊ सफेदा, गौरजीत, आम्रपाली, हुस्न-ए-आरा सहित कई दुर्लभ और पारंपरिक प्रजातियां शामिल हैं। देश के विभिन्न राज्यों से आए बागवानी विशेषज्ञ, किसान और निर्यातक भी इसमें भाग ले रहे हैं।

## उपज का उचित मूल्य मिलेगा तो युवा भी होंगे आकर्षित

सीएम ने प्रत्येक जनपद में पोस्ट हार्वेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, कोल्ड चेन, रैपनिंग सेंटर, पैक हाउस, फूड प्रोसेसिंग यूनिट और एक्सपोर्ट सुविधा को विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए उद्यान विभाग के साथ ही पीपीपी मोड पर भी काम करना होगा। उपज का उचित मूल्य मिलेगा तो युवा भी कृषि व उद्यमिता की ओर आकर्षित होंगे। स्वयं सहायता समूह मूल्य संवर्धन का नेतृत्व करेंगे और जब हमारे उत्पाद विश्व के प्रमुख बाजारों तक पहुंचेंगे तो पीएम मोदी के विजन विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी, कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव (उद्यान/खाद्य प्रसंस्करण) बीएल मीणा आदि मौजूद रहे।

# सीएम योगी के संकल्प से बदली दिव्यांग खुशी की जिंदगी

- इलाज-शिक्षा के बाद पिता को मिला ई-रिक्शा

**कानपुर।** कभी सुनने और बोलने में असमर्थ रही 19 वर्षीय दिव्यांग खुशी गुप्ता की जिंदगी अब नई दिशा की ओर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद शुरू हुई सहायता अब परिवार की आजीविका तक पहुंच गई है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने खुशी के पिताको नया ई-रिक्शा सौंपा।



जिलाधिकारी की पहल पर कंपनी ने अपनी कॉपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजना के तहत यह ई-रिक्शा निःशुल्क उपलब्ध कराया। वाहन का पंजीकरण खुशी की मां गीता गुप्ता के नाम पर किया गया है, जिससे परिवार को स्थायी आजीविका मिल सके। कल्लू गुप्ता अब तक किराये का ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। हाल ही में सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण उनकी आय भी प्रभावित हो गई थी। पिछले वर्ष खुशी कानपुर से पैदल लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री से मिली थी। इसके बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर फरवरी 2026 में उसका सफल कॉक्लियर इम्प्लांट कराया गया। नियमित स्पीच थेरेपी के बाद अब वह पहले से बेहतर सुन और बोल पा रही है। उसकी शिक्षा के लिए मोहान रोड स्थित समेकित विशेष माध्यमिक (आवासीय) विद्यालय में कक्षा-9 में प्रवेश भी दिलाया गया। ई-रिक्शा मिलने के बाद खुशी ने मुस्कुराते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा, थैंक यू योगी जी।

## क्लैट में 60 अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को एलयू की इंटीग्रेटेड एलएलबी प्रवेश परीक्षा से छूट

**लखनऊ।** लविवि ने शैक्षिक सत्र 2026-27 प्रवेश प्रक्रिया के तहत पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड एलएलबी पाठ्यक्रम में प्रवेश को लेकर महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। विश्वविद्यालय के अनुसार, नौ जुलाई को प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा में उन अभ्यर्थियों को शामिल नहीं होना होगा, जिन्होंने विश्वविद्यालय में ऑनलाइन आवेदन किया है और क्लैट-2026 में निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त किए हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को सीधे क्लैट की मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। इस बाबत प्रवेश प्रकोष्ठ की ओर से निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनित्य गौरव का कहना है कि विवि ने सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 60 अंक और ओबीसी, एससी/एसटी और दिव्यांग वर्ग के लिए 54 अंक निर्धारित किए हैं। जिन अभ्यर्थियों के क्लैट-2026 में इससे कम अंक हैं, उनके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा।

## 44 जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में लेखाकारों की तैनाती

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग के राज्य परियोजना कार्यालय एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर 46 सहायक वित्त एवं लेखाधिकारियों की तैनाती के आदेश जारी कर दिए गए हैं। लंबे समय से खाली पड़े इन पदों के भरने से विभागीय वित्तीय कार्यों, बजट संचालन, लेखांकन तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ सकेगी। जारी आदेश के अनुसार 44 सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी विभिन्न जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में और दो अधिकारियों की तैनाती राज्य परियोजना कार्यालय में की गई है। इन अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने से वित्तीय अनुमोदन, भुगतान, लेखा परीक्षण तथा विभिन्न योजनाओं के वित्तीय प्रबंधन से जुड़े कार्य अधिक प्रभावी ढंग से संचालित हो सकेंगे।वित्त से जुड़े रिक्त पदों के कारण कई जिलों में वित्तीय कार्य प्रभावित हो रहे थे।

## नोएडा में शुरू होंगे नये सुपर स्पेशियलिटी विभाग

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान, नोएडा की 13वीं शासी निकाय (गवर्निंग बॉडी) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 20 महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा के बाद संस्थान में आपातकालीन (इमरजेंसी), पीडियाट्रिक पल्मोनोलॉजी और पीडियाट्रिक क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग शुरू करने को मंजूरी दी गई।

इन विभागों के सुचारु संचालन के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ जूनियर और सीनियर रेजीडेंट के नए पद भी स्वीकृत किए गए। इसके अलावा पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए आवश्यक चिकित्सकीय पदों के सृजन तथा पीडियाट्रिक एनेस्थीसिया विभाग में पीडियाट्रिक रीजनल एनेस्थीसिया फेलोशिप शुरू करने की भी अनुमति प्रदान की गई। बैठक में संस्थान के भविष्य के विस्तार पर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने नोएडा प्राधिकरण को संस्थान के निकट अतिरिक्त भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजने के निर्देश दिये।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के लखनऊ आगमन को लेकर तैयारियां तेज



- एयरपोर्ट से प्रदेश कार्यालय तक व्यवस्थाओं का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के लखनऊ आगमन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से आज सुबह एयरपोर्ट स्वागत पॉइंट से लेकर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय तक विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, स्वागत कार्यक्रम संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों ने स्वागत मार्ग, मंच व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, कार्यकर्ता सहभागिता, स्वागत द्वारों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया। एयरपोर्ट से प्रदेश कार्यालय तक निर्धारित स्वागत स्थलों का निरीक्षण करते हुए कार्यकताओं से तैयारियों की जानकारी ली।

वही प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय पर आयोजित बैठक में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यक्रम प्रभारियों एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। महापौर सुषमा खर्कवाल ने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह प्रवास संगठन में नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नई दिशा का संचार करेगा।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दो दिवसीय संगठनात्मक दौरा आज से

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शनिवार से दो दिवसीय सांगठनिक प्रवास पर उत्तर प्रदेश में रहेंगे। इस दौरान श्री नवीन वरिष्ठ पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों के साथ विभिन्न संगठनात्मक बैठकें करेंगे।

श्री नवीन शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुँचेंगे, जहाँ पार्टी कार्यकर्ता द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे प्रदेश भाजपा मुख्यालय के लिए रवाना होंगे, जो एक रोड शो की शक्ल में आलमबाग, श्री टी एन चतुर्वेदी चौराहा चारबाग, दीनदयाल स्मृतिका, महाराणा प्रताप चौराहा और बर्लिंगटन चौराहा होते हुए प्रदेश भाजपा मुख्यालय तक पहुंचेगा। रास्ते में जगह-जगह राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया जाएगा। कार्यालय पहुँचने के बाद श्री नवीन प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों, प्रदेश मोर्चा अध्यक्षों तथा जिला अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक करेंगे। शाम 04 बजे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष लखनऊ, पुराना हैदराबाद स्थित प्रसिद्ध श्री हुनमान सेतु मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे।इसके बाद वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री द्वय, भाजपा सांसदों, विधायकों एवं विधान परिषद सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। इसके ठीक बाद वे उत्तर प्रदेश भाजपा कोर कमिटी के साथ बैठक करेंगे। देर शाम 07:45 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मश्री सम्मान से सम्मानित डॉ. विद्या बिंदु सिंह के लखनऊ आवास पर यूपी के प्रमुख हस्तियों से मुलाकात करेंगे। रात्रि का भोजन वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ करेंगे।

अगले दिन, रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने दिन की शुरूआत उत्तर प्रदेश के पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्षों के साथ चाय पर संवाद से करेंगे।

## सरकारी भवनों पर सोलर लगाने में लायें तेजी

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में शुक्रवार को सरकारी एवं अर्धसरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों को अपने-अपने भवनों का सर्वेक्षण कर पात्र भवनों पर शीघ्र सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि सरकारी भवनों की छतों का अधिकतम उपयोग कर सौर ऊर्जा उत्पादन बढ़ाया जाए, जिससे बिजली पर निर्भरता कम होगी, सरकारी खर्च में बचत होगी और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

उन्होंने प्रत्येक विभाग को एक नोडल अधिकारी नामित करने तथा कार्यों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी तकनीकी या प्रशासनिक बाधाएं हों, उनका तत्काल समाधान किया जाए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार स्वच्छ, हरित और आत्मनिर्भर ऊर्जा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

## गाली-गलौज मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी के तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में यहाँ के बसंत खेड़ा निवासी शिवम चौधरी ने आरोप लगाया कि 22 जून 2026 की रात करीब एक बजे उनके साले अर्जुन सैनी, पूजा सैनी और बेबी उर्फ प्रिया ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरे मामले में विष्णु लोक कॉलोनी, पुरानी चुंगी निवासी रोहित पुत्र बाबूलाल ने आरोप लगाया कि यहीं के बाग नंबर दो स्थित शमा विहार कॉलोनी निवासी अभिनव शर्मा ने 5 जून को बिना किसी कारण उन्हें अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने दोबारा धमकियां दीं और कहा कि पुलिस और कानून भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके मित्र प्रदीप गुप्ता को भी धमकी दी। साथ ही आरोपियों द्वारा गलत अफवाहें फैलाकर सामाजिक छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। वहीं तीसरे मामले में न्यू रहीमाबाद निवासी अमरेश कुमार शर्मा ने विकास सिंह और विक्रांत पर बेटे से गाली गलौज कर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका कहना है कि 21 मई को उनके पुत्र आदित्य शर्मा के साथ एयरपोर्ट बाउंड्री के पास विकास सिंह और विकान्त ने मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। फिलहाल तीनों मामलों में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चोरों ने सीआईएसफ हेड कांस्टेबल के बंद मकान से लाखों के गहनों के अलावा नगदी किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने बीते दिनों एक सीआईएसफ हेड कांस्टेबल के बंद मकान को निशाना बनाकर करीब 10 लाख रुपए कीमत से अधिक गहनों के अलावा हजारों रुपए की नगदी और कैमरे का डीबीआर पार कर दिया। शुक्रवार सुबह सूचना पाकर पहुंचे सीआईएसफ हेड कांस्टेबल ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस जांच पड़ताल के बाद पीड़ित की तहरीर के आधार पर आसपास सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है। मूल रूप से मऊ जिले के कोपागंज थाना अंतर्गत धवरिया साध गांव निवासी निखिलेश कुमार सिंह बिजनौर थाना क्षेत्र में नटकुर पुलिस चौकी से करीब 1 किलोमीटर दूर स्थित न्यू हनुमंत नगर में तीन मंजिला मकान बनाकर परिवार सहित रहते हैं। निखिलेश वर्तमान समय देहरादून एयरपोर्ट पर सीआईएफ में हेड कांस्टेबल पद पर तैनात है। निखिलेश बीती 30 जून को अपनी पत्नी सीमा सिंह व परिजनों सहित अपने मऊ स्थित गांव गए थे।शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे घर के सामने रहने वाले पड़ोसी ने निखिलेश के घर की तीसरी मंजिल के दरवाजे खुले देख उन्होंने इसकी सूचना दी। सूचना के बाद पहुंचे निखिलेश ने देखा तो तीसरी मंजिल की छत पर बने कमरे की खिड़की में लगी लोहे की ग्रिल अलग निकली पड़ी मिली। इसके बाद निखिलेश ने जब पूरे घर की छानबीन की तो घर में सारे कमरों के अंदर सामान बिखरा पड़ा मिला। जबकि ग्राउंड फ्लोर में एक कमरे के अंदर रखी अलमारी का ताला टूटा होने के साथ दूसरे कमरे में वाडरोब और दीवान, बेड खंगाले मिले। सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। जांच पड़ताल करने पर पता चला कि खिड़की और वाडरोब में रखें चांदी के तीन सिक्के, सोने का तीन तोला मंगलसूत्र, सोने की चार अंगूठी, सोने के दो सेट झाला, सोने की कान की बाली चार पीस, एक तोले की सोने की चेन, चांदी की पायल चार सीट, जमीन रजिस्ट्री की कापी, चार पीस सोने की नाक कील और 3 हजार रुपये की नगदी के साथ कैमरे का डीवीआर गायब मिला। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना बिजनौर पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जाँच पड़ताल के साथ फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों को बुलाया। उन्होंने भी जांच पड़ताल की। अंदाजा लगाया जा रहा है कि निखिलेश के घर के बगल निमार्णाधीन तीन मंजिला मकान के रास्ते ही चोर उनके घर में पहुंचे और इत्मीनान से पूरे घर को खंगाल।बाद में घटना अंजाम देखकर फरार हो गए। फिलहाल निखिलेश की तहरीर पर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है।



## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा नेता विनोद मौर्य के आवास पहुंचकर दी श्रद्धांजलि, सुनीं जनसमस्याएं

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को भाजपा नेता विनोद मौर्य के नगर पंचायत बंथरा के मजरा खांडे देव स्थित आवास पहुंचकर उनके दिवंगत पिता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्री मौर्य के पिता का लगभग एक माह पूर्व निधन हो गया था।इस अवसर पर सरोजिनी नगर क्षेत्र के ग्रामीणों, क्षेत्रवासियों एवं भाजपा कार्यकताओं ने उपमुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत और सम्मान किया। उपमुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से आत्मीय संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने भाजपा कार्यकताओं का हालचाल भी जाना और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में भाजपा लखनऊ जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, भाजपा नेता सुभाष पासी, हिमांशु रावत, रामबाबू रावत, मनीष रावत, सभासद माधव राजपूत, अमित रावत, रवि राजपूत, अमित राजपूत, मनोज कश्यप, राहुल कश्यप, शिवचंद कुशवाहा, नागेंद्र सिंह सहित क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण, क्षेत्रवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पुरानी रंजिश में स्कॉर्पियो से बाइक को मारी टक्कर, फायरिंग की अफवाह निकली झूठी

**घायल युवक की सूचना पर पहुंची पुलिस, जांच में नहीं मिले गोली चलने के साक्ष्य; आरोपी गिरफ्तार, वाहन जब्त**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के पांडेय खेड़ा गांव के पास शुक्रवार दोपहर पुरानी रंजिश एक बार फिर विवाद की वजह बन गई। दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी के बाद स्कॉर्पियो सवार युवक ने कथित तौर पर बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद फायरिंग की खबर फैलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन पुलिस जांच में गोली चलने की बात पूरी तरह निराधार साबित हुई। पुलिस के अनुसार, सिसवारा गांव निवासी प्रेम शंकर और हबीब के परिवारों के बीच करीब चार दशक से प्रधानी चुनावी रंजिश चली आ रही है। शुक्रवार दोपहर दोनों पक्षों के युवकों विवेक पांडे और समीर के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के बाद विवेक बाइक से वहां से निकलने लगा तो समीर ने स्कॉर्पियो से उसका पीछा किया और पांडेय खेड़ा के पास उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विवेक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद विवेक की ओर से फायरिंग किए जाने की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही रहीमाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और मौके से साक्ष्य जुटाए, लेकिन जांच में कहीं भी गोली चलने के प्रमाण नहीं मिले। इसके बाद पुलिस ने स्पष्ट किया कि फायरिंग की सूचना अफवाह निकली। इस संबंध में र इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि घायल विवेक के पिता प्रेम शंकर की तहरीर पर आरोपी समीर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो भी कब्जे में ले ली गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी का पिता हबीब थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# करंट की चपेट में आने से मवेशी की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के नवीनगर गांव में शुक्रवार दोपहर बाद करंट लगने से एक भैंस की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बिजली विभाग ने एहतियातन संबंधित फीडर की विद्युत आपूर्ति बंद करा दी, जिससे किसी अन्य दुर्घटना की आशंका न रहे। जानकारी के अनुसार, नवीनगर निवासी संतोष की भैंस गांव के बाहरी हिस्से में घास चर रही थी। इसी दौरान वह ट्रांसफार्मर के पास लगे बिजली के पोल के करीब पहुंच गई। लगातार बारिश के कारण पोल के आसपास पानी भर जाता है। ग्रामीणों का अनुमान है कि पानी में करंट उतरने से भैंस उसकी चपेट में आ गई। तेज करंट लगने से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और बिजली विभाग को अवगत कराया। सूचना पर विभाग ने तत्काल पुरवा फीडर की बिजली आपूर्ति बंद करा दी, ताकि कोई अन्य व्यक्ति या मवेशी हादसे का शिकार न हो। इस संबंध में मलिहाबाद अवर अभियंता राजकुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि भैंस घास चरते हुए बिजली के पोल के पास पहुंच गई थी, जहां वह करंट की चपेट में आ गई। मामले की जांच कराई जा रही है।

# सीएनजी गैस भरे सिलेंडर से लदी डीसीएम में अचानक लगी आग,

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के करीब 3:30 बजे सीएनजी गैस भरे सिलेंडर से लदी चलती डीसीएम में अचानक आग लग गई। गाड़ी के इंजन से तेज धुआं और आग की लपटें उठने लगी। हादसे में डीसीएम चालक घायल हो गया। बाद में राहगीरों से सूचना पाकर सरोजनी नगर फायर स्टेशन से पहुंची दो और आलमबाग फायर स्टेशन से पहुंची एक दमकल गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद कुछ देर में ही आग पर काबू पा लिया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार तड़के सीएनजी गैस भरे सिलेंडरों से लदी डीसीएम (एनएल 01 एजे 5567) मोहनलालगंज रोड की तरफ जाने के लिए सरोजनी नगर स्थित दरोगा खेड़ा के पास कानपुर रोड से किसान पथ पर चढ़ रही थी। तभी डीसीएम डिवाइडर से टकरा गई और उसके इंजन से तेज धुएं के साथ आग की लपटें उठने लगी। घटना में डीसीएम चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने डीसीएम चालक को केजीएमयू में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। वहीं सूचना पाकर सरोजनी नगर एफएसओ धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में सरोजनी नगर फायर स्टेशन से दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची। साथ ही एक दमकल गाड़ी आलमबाग फायर स्टेशन से मंगाई गई। इसके बाद तीन दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद कुछ देर में ही आग पर काबू पा लिया। फायर कर्मियों के मुताबिक उनके द्वारा समय पर पहुंचकर अगर जल्द मोर्चा संभालते हुए घेराबंदी कर आग को काबू नहीं किया जाता तो सीएनजी गैस सिलेंडरों में भी आग लग सकती थी। इससे बड़ी घटना हो सकती थी। फिलहाल आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।



# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला पोषण समिति की बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिला पोषण समिति की बैठक की। उन्होंने जिले में संचालित पोषण अभियान की समीक्षा की और आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण, पोषण वाटिका, बाला पेंटिंग, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा कुपोषण नियंत्रण कार्यक्रमों की प्रगति का आकलन किया। अपेक्षित प्रगति न मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताई। समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के नए भवनों के निर्माण, पोषण वाटिका और बाला पेंटिंग के कार्यों में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि अगली समीक्षा बैठक से पहले सभी लंबित कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि किसी ग्राम प्रधान या सचिव की लापरवाही पाई जाती है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा में सुमेरपुर, बांगरमऊ और बिछिया परियोजनाओं का प्रदर्शन लक्ष्य के अनुरूप नहीं मिला। इस पर संबंधित सीडीपीओ को कड़ी चेतावनी दी गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि योजना के पात्र लाभार्थियों का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए और प्रगति में तत्काल सुधार लाया जाए। जिलाधिकारी ने पोषण सामग्री के वितरण में पूरी पारदर्शिता और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिना एफआरएस (फेस रिकॉग्निशन सिस्टम) के किसी भी लाभार्थी को पोषण सामग्री वितरित न की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि वित्तीय अनियमितता या गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। डीएम ने एचएमएस पोर्टल पर आंगनबाड़ी केंद्रों की मैपिंग सुधारने और पोषण ट्रैकर पर बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं का डेटा नियमित अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) भेजने और उनके स्वास्थ्य सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाने को भी कहा। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी पात्र लाभार्थियों तक पोषण संबंधी सेवाएं समयबद्ध तरीके से पहुंचें। बैठक में परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# 43 उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण दो के लाइसेंस निलंबित

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। खरीफ सीजन के दौरान किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान 43 उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें अनियमितताएं पाए जाने पर दो विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए और चार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जांच के लिए 11 संदिग्ध उर्वरक नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने बताया कि प्रमुख सचिव (कृषि) के निदेर्शों और जिलाधिकारी के आदेश पर जिले में चार संयुक्त टीमें गठित की गई थीं। इन टीमों में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ संबंधित तहसीलों के उप जिलाधिकारी भी शामिल थे। इन टीमों ने उन्नाव सदर, बांगरमऊ, सफीपुर, हसनगंज और बीघापुर तहसील क्षेत्रों में उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण अभियान के दौरान उप कृषि निदेशक रविचंद्र प्रकाश, जिला कृषि अधिकारी शशांक, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (ग्रुप-ए) अनुराग कुमार और कृषि रक्षा अधिकारी भीमसेन ने संबंधित उप जिलाधिकारियों के साथ दुकानों पर स्टॉक, बिक्री और अभिलेखों की जांच की। कार्रवाई के दौरान, दबौली स्थित अपना बीज भंडार और न्यू इंडिया बीज भंडार निरीक्षण के समय बंद पाए गए। बिना सूचना दुकान बंद मिलने पर इन दोनों प्रतिष्ठानों के उर्वरक लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए। इसके अतिरिक्त, चार अन्य उर्वरक प्रतिष्ठानों को विभिन्न अनियमितताओं के चलते कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। संयुक्त टीमों ने संदिग्ध स्टॉक से कुल 11 उर्वरक नमूने भी लिए हैं, जिन्हें गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि उर्वरकों की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई, तो संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी ने सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए कि उर्वरकों का वितरण केवल पीओएस मशीन के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री के अनुसार किया जाए। प्रत्येक दुकान पर स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड, स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर तथा कैश मेमो अनिवार्य रूप से उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में निरीक्षण के दौरान ओवररेटिंग, टैगिंग, स्टॉक में गड़बड़ी या बिना अनुमति दुकान बंद पाए जाने जैसी अनियमितताएं मिलीं, तो संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## संक्षेप

### टैंपो ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के करौरा गांव निवासी संतोष 38 पुत्र ज़िंदन अपनी पत्नी आंचल व 6 महीने के पुत्र के साथ बाइक से धौरा गांव की तरफ से गुरुवार रात करीब 9 बजे बाइक से घर लौट रहे थे ।तभी आगरा एक्सप्रेस वे की सर्विस लाइन पर मटरिया के सामने 45 की रफ्तार में जा रही टेंपो ने पीछे से टक्कर मारते हुए भाग गया ।जिससे बाइक सवार संतोष के सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सीएचसी ले गई ।जहां इलाज के दौरान मौत हो गई ।मौत की सूचना से स्वजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेजने की कार्यवाही की ।दिवंगत हेलमेट नहीं लगाए था ।प्रभारी निरीक्षक शरद कुमार ने बताया कि बताया कि बाइक में टेम्पों ने टक्कर मारी थी। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हुई है ।जबकि बाइक पर बैठी पत्नी और बच्चा सुरक्षित है ।शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### लायर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कचहरी प्रांगण में गुरुवार को लायर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष विनोद सिंह के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई ।बैठक में अधिवक्ताओं ने हर्दबरारी के मुकदमों में राजस्व निरीक्षकों द्वारा मनमानी तरीके से अपनी रिपोर्ट लगा देने की बात कही गई ।साथ ही फीस जमा होने के बाद भी हर्दबरारी कई कई दिनों तक नहीं की जा रही है ।जिससे अधिकांश मामलों में वादकारियों को सुने बिना ही उनके मामले निरस्त कर दिए जा रहे है ।जबकि एक माह पूर्व इसी मुद्दे पर एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव से सभी अधिवक्ता मिलकर विरोध जताए थे ।एसडीएम द्वारा एक माह में उक्त समस्या को सुलझाने का आश्वासन दिया था ।बावजूद इसके कोई समस्या का हल नहीं किया गया ।समस्या जस की तस बनी हुई है ।इससे अधिवक्ताओं के मान सम्मान की भी हानि हो रही है ।जिसपर अधिवक्ताओं ने दो और तीन जुलाई को समस्त राजस्व न्यायालयों में न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया है ।लायर्स एसोसिएशन के महामंत्री अजय मिश्रा ने बताया कि दो दिन समस्त अधिवक्ता राजस्व न्यायालयों के कार्यों में अवकाश पर रहेंगे ।अगली बैठक चार जुलाई को की जाएगी। समस्या का समाधान न होने पर अगली रणनीति बनाई जाएगी। इस दौरान शैलेंद्र तिवारी, अंकित मिश्रा, संजय सिंह, अरुण मिश्रा, महेंद्र श्रीवास्तव, जितेंद्र, संतोष यादव, धर्मेंद्र आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जर्जर सड़कों और जलभराव की समस्या को लेकर भाजपा नेता ने एक्सईएन को सौंपा पत्र

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र की जर्जर सड़कों, टूटी पटरियों और रास्तों पर फैले कंटीले बबूलों की समस्या को लेकर भाजपा नेता संजय शुक्ल ने शुक्रवार को ढहऊ के अधिशासी अभियंता हरदयाल अहिरवार से मुलाकात कर पत्र सौंपा। उन्होंने कालूखेड़ा-भल्लाफार्म मार्ग की जर्जर पटरी, किनारे उगे जंगली बबूल, कालूखेड़ा तिराहे पर जलभराव से खराब हो रही सड़क, चंदनखेड़ा नाले की खतरनाक खाई के दोनों ओर बोल्डर व बाउंड्री की आवश्यकता, बनी-पुरवा मार्ग, पाटन-बक्सर मार्ग की पटरी, बीघापुर-पुरवा मार्ग पर रेलवे स्टेशन मोड़ पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्रेकर लगवाने तथा सूरजपुर से रतावर संपर्क मार्ग की अत्यंत जर्जर हालत से अवगत कराया। संजय शुक्ल ने कहा कि इन समस्याओं से आम जनता व राहगीरों को भारी दिक्कत हो रही है, जल्द समाधान कराया जाए। इस पर एक्सईएन हरदयाल अहिरवार ने संबंधित क्षेत्र के जेई को अतिशीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर रात युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आने पर परिजनों ने आवाज लगाई, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़कर देखा तो युवक पंखे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। घटना गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मनगर स्थित बालूघाट चौकी इलाके की है। मृतक की पहचान ब्रह्मनगर निवासी सुमित शर्मा (29) पुत्र सुशील कुमार शर्मा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सुमित अपने पिता के साथ लकड़ी के फर्नीचर बनाने का काम करता था। पिछले कुछ दिनों से वह गुमसुम रहता था, हालांकि उसने अपनी परेशानी किसी से साझा नहीं की थी ।घटना के समय घर में उसकी मां मिथलेश और छोटी बहन कल्पना मौजूद थीं। सुमित अपने कमरे में चला गया और काफी देर तक बाहर नहीं निकला। जब मां ने कई बार आवाज लगाई और कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने कमरे के अंदर झांककर देखा। सुमित चादर के सहारे पंखे से लटका हुआ था। इसके बाद परिजनों ने शोर मचाया और आसपास के लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची गंगाघाट पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर युवक को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी ।पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने बताया कि सुमित परिवार में बड़ी बहन कीर्ति के बाद दूसरे नंबर का था। उसकी मौत से परिवार में शोक का माहौल है।

# तीन माह से खराब पड़ा हैंडपंप ग्रामीणों के सामने पेयजल की समस्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मियागंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत चंपाखेड़ा में गंभीर जल संकट गहरा गया है। यहां का सरकारी हैंडपंप पिछले तीन महीने से खराब पड़ा है, जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।हैंडपंप बंद होने से गांव की महिलाओं को दूर-दराज के इलाकों से पानी लाना पड़ रहा है। मौजूदा भीषण गर्मी और लू के हालात ने इस समस्या को और भी विकट बना दिया है, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गांव निवासी दिनेश वर्मा, अजय वर्मा और हरिशंकर ने बताया कि पेयजल की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। समस्या के समाधान की मांग ग्रामीण अजय वर्मा ने आरोप लगाया है कि उन्होंने ग्राम प्रधान ओमकार को हैंडपंप खराब होने की सूचना कई बार दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं, ग्राम प्रधान ओमकार ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में है और जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। वर्मा ने जल जीवन मिशन के नियमों का हवाला देते हुए कहा कि शिकायत मिलने के 48 घंटे के भीतर हैंडपंप की मरम्मत अनिवार्य है, लेकिन इस मामले में नियमों का पालन नहीं किया गया है।

# 25 करोड़ से बनेगा मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय, सांसद व विधायक ने किया भूमि पूजन

अमन लेखनी समाचार



मौरावां, उन्नाव। आदर्श नगर पंचायत में शुक्रवार को मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ द्वारा विद्यालय के लिए दान की गई 10 बीघा भूमि पर आचार्यों द्वारा विधि-विधान से पूजन कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद साक्षी महाराज व पुरवा विधायक अनिल सिंह शामिल हुए। नगर अध्यक्ष ने दोनों अतिथियों को बुके व पटुका पहनाकर सम्मानित किया।

विधायक अनिल सिंह ने कहा कि 25 करोड़ की लागत से बनने वाला यह जिले का दूसरा मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय होगा। अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ ने 10 बीघा जमीन दान न दी होती तो शायद यह विद्यालय कहीं और चला जाता। अब यहां गरीब बच्चे भी उच्च गुणवत्ता की शिक्षा पा सकेंगे।

आदर्श कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक झांकियां व सांस्कृतिक गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृति राज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश पांडे, नवाबगंज खंड शिक्षा अधिकारी सुचि, खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी असोहा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना के अंतर्गत युवक ने फाँसी लगा कर अपना जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। थाना क्षेत्र के बाबूखेड़ा मजरे हरचंद्पुर निवासी सुनील पाल पुत्र गोपी कृष्ण पाल 28 वर्ष ने गुरुवार देर रात घर के आंगन में लगे जाल की सहायता से चद्दर का फंदा बना फाँसी लगा ली। शुबह पडोसियो को जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गयी। दिवंगत चार दिन पहले ही दिल्ली से वापस आया था ।वह वही रहकर जीवन यापन कर रहा था। पड़ोसियो के अनुसार वह नशे का आदी था। फाँसी लगाने का कारण पता नही चल सका। पडोसियो ने बताया दिवंगत का पूरा परिवार दिल्ली में ही रहता है सूचना दी गयी है देर शाम तक आने की उम्मीद है। दिवंगत का एक बड़ा भाई राम सिंह व बहन अंजली है। माँ फूलदुलारी सहित पूरा परिवार मौत की खबर सुन बेहाल हो गया है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है । पोस्टमार्टम उपरान्त मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा।

# बकरी चरा रहे युवक का फिसला पैर तालाब के पानी मे डूबने से मौत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। बकरी चराने गये युवक का पैर फिसलने से तालाब में डूबने से हुई मौत ।कस्बा फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार शाम मोहल्ला निवासी राम बाबू उर्फ मोखे उम्र करीब बत्तीस वर्ष पास के एक तालाब के निकट बकरियां चराने गया था जहां अचानक पैर फिसल जाने से तालाब में गिर गया। उसे डूबता देख जब तक आस पास के लोग निकाल पाते तब तक वह गहरे पानी में चला गया। किसी प्रकार उसे निकालकर परिजन सी एच सी ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अविवाहित था और मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करता था।

# लेखपाल पर 35 हजार की रिश्वत लेने का युवक ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील क्षेत्र में एक लेखपाल पर 35 हजार रुपए रिश्वत लेने और नामांतरण (म्यूटेशन) न करने का आरोप लगा है। इस संबंध में जिलाधिकारी से शिकायत की गई है। वहीं, संबंधित लेखपाल ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इन्हें अवैध निर्माण रुकवाने की कार्रवाई से जुड़ी रंजिश बताया है। यह शिकायत शुक्रवार दोपहर 12 बजे दर्ज कराई गई। ग्राम रतई पुरवा, पोस्ट भिखारीपुर पतसिया निवासी राधेश्याम पुत्र टीकाराम ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनके चाचा छन्नालाल की मृत्यु के बाद उनकी जमीन परिवार के नाम दर्ज कराने के लिए क्षेत्रीय लेखपाल सुधांशु बाजपेई ने उनसे 35 हजार रुपए लिए थे। शिकायतकर्ता का कहना है कि रुपये लेने के बावजूद नामांतरण नहीं किया गया। राधेश्याम ने आगे आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस बारे में विरोध किया, तो लेखपाल ने कथित रूप से धमकी दी और पैसे लौटाने से भी इनकार कर दिया। पीड़ित ने मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने और उनके रुपये वापस दिलाने की मांग की है ।दूसरी ओर, लेखपाल सुधांशु बाजपेई ने लगाए गए सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। उनका कहना है कि राधेश्याम द्वारा एक स्थान पर अवैध निर्माण कराया जा रहा था, जिसे राजस्व टीम ने रुकवाया था। लेखपाल का दावा है कि इसी कार्रवाई से नाराज होकर उन पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। रिकॉर्डिंग के संबंध में पूछे जाने पर लेखपाल ने कहा कि पूरी रिकॉर्डिंग सुनी जानी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि रिकॉर्डिंग में वह स्वयं शिकायतकर्ता से यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि आखिर उनके खिलाफ फर्जी आरोप क्यों लगाए जा रहे हैं। फिलहाल, यह मामला शिकायत और जवाब तक सीमित है। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक जांच रिपोर्ट या बयान जारी नहीं किया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर होने वाली जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं, यह देखना होगा। जांच पूरी होने के बाद ही आरोपों की सत्यता और आगे की कार्रवाई स्पष्ट हो सकेगी।

# घर में घुसे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा साथी फरार



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। एक घर स्वामी की सतर्कता से तमाम ग्रामीणों के सहयोग से एक युवक को पकड़कर चोर बताते हुए उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया जबकि साथी भागने में सफल रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बांगरमऊ क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी रमेश पुत्र अयोध्या प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि बीते 2 जुलाई की शाम करीब पांच बजे इसकी पत्नी व पुत्री घर में अकेली थी इसी दौरान अज्ञात चोर उसके घर में घुस आए और पेटी का ताला तोड़ने लगे जिसकी आवाज सुन पत्नी ने पुत्र को बुला लिया जिसके साथ अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए तथा चोर को पकड़ लिया इस दौरान एक युवक मौके से भाग निकला ।जबकि दूसरे को लोगो ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया ।पीड़ित ने कहा है यदि मौके पर कोई मौजूद ना होता तो उनके घर से लांखो की चोरी कर ली जाती। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले लेखपाल को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाने में न्यायालय के आदेश पर वकील, मुंशी, भूमि खरीदार तथा गलत रिपोर्ट लगाने वाले लेखपाल के विरुद्ध दर्ज मामले में पुलिस ने लेखपाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव राजापुर पिपरहा निवासी अनुसूचित जाति की प्रमिला देवी पत्नी ओमप्रकाश ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र लेकर आरोप लगाया था कि उसने अपनी गाटा संख्या 1065 , 1066 का .1930 हैकटेयर की बिक्री पिछड़ी जाति की अनीता पत्नी पूरन लोधी निवासी बरदहा के हाथ किया था। बीघापुर तहसील में कार्य करने वाले मुंशी शीतल पुत्र नरेश निवासी कैलाश खेड़ा ने बेहतर विधिक कार्यवाही किए जाने की बात करते हुए वकील शिवकुमार वर्मा से मिलवाया तथा लिखा पढ़ी करवा दी। रजिस्ट्री होने के बाद कागज निकलवाए तो मुझे जानकारी मिली कि कूट रचित व धोखाधड़ी करते हुए एडवोकेट शिवकुमार वर्मा, मुंशी शीतल तथा क्षेत्रीय लेखपाल राम कुंवर पुत्र गंगाराम 67 वर्ष निवासी पूरन नगर उन्नाव द्वारा अनुसूचित जाति की जमीन को बिना अनुमति के ही बिक्री करते हुए अनीता के नाम लिखवा दी ।पीड़िता ने बताया कि उपरोक्त लोगों द्वारा इसके अलावा 710 गाटा संख्या में गलत तरीके से बिना परमिशन के ही जमीन का हस्तानांतरण करवा दिया। मामले में बीघापुर तहसील में वकालत करने वाले शिव कुमार वर्मा एडवोकेट, मुंशी शीतल द्वारा कूट रचित अभिलेख बनाए गए तथा तत्कालीन लेखपाल राम कुंवर द्वारा गलत रिपोर्ट लगाकर दाखिल खारिज किया गया ।थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी कूटरचित अभिलेख बनाने के मामले में लेखपाल राम कुंवर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## सम्पादकीय

# मानसून राहत के साथ चुनौती भी

उत्तर भारत में मानसून ने आखिरकार रफ्तार पकड़ ली है। भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे करोड़ों लोगों के लिए यह राहत का संदेश है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी मानसून अपने साथ खुशियां और संकट दोनों लेकर आया है। बंगाल की खाड़ी से जम्मू-कश्मीर तक फैली करीब 1,500 किलोमीटर लंबी मानसून ट्रफ इस बात का संकेत है कि इस बार मानसून की गति कुछ दिनों तक धीमी रही, जिससे कई राज्यों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। अब एक साथ भारी बारिश की संभावना मौसम की चरम घटनाओं की ओर इशारा करती हैं। आने वाले दिनों में उत्तर भारत में व्यापक बारिश होगी। यह बारिश खेतों के लिए अमृत साबित हो सकती है, लेकिन यदि तैयारी अधूरी रही तो यही पानी बाढ़, जलभराव और जनहानि का कारण भी बन सकता है। भारत में मानसून केवल मौसम का बदलाव नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की धुरी है। देश की लगभग 42 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है और 60 प्रतिशत से अधिक कृषि भूमि आज भी वर्षा आधारित है। समय पर और संतुलित मानसून किसानों के लिए बेहतर उत्पादन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती और खाद्यान्न की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करता है। अच्छी फसल का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। मानसून जल सुरक्षा का भी सबसे बड़ा आधार है। वर्षा का पानी नदियों, झीलों, तालाबों और भूजल स्रोतों को पुनर्जीवित करता है। जलविद्युत परियोजनाओं को ऊर्जा उत्पादन के लिए पर्याप्त पानी मिलता है और पूरे वर्ष पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होती है। मानसून का दूसरा चेहरा भी उतना ही कठोर है। असम और अरुणाचल प्रदेश में बाढ़, हिमाचल प्रदेश में फ्लैश फ्लड, उत्तर प्रदेश में पेड़ गिरने से हुई मौतें और मुंबई जैसे महानगरों में जलभराव यह बताते हैं कि भारत आज भी मानसून का पूरी तरह सामना करने के लिए तैयार नहीं है। हर वर्ष एक जैसी घटनाएं दोहराई जाती हैं, लेकिन समाधान स्थायी नहीं बन पाते। शहरों में नालों की सफाई समय पर नहीं होती, अतिक्रमण के कारण प्राकृतिक जल निकासी बाधित रहती है और थोड़ी सी तेज बारिश भी पूरे शहरी तंत्र को ठप कर देती है। कृषि क्षेत्र में भी चुनौतियां कम नहीं हैं। यदि मानसून कमजोर पड़ जाए या बारिश का वितरण असमान हो तो खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित होती है। अल नीनो जैसी वैश्विक मौसमी घटनाएं कई बार सूखे की स्थिति पैदा कर देती हैं, जिससे उत्पादन घटता है और महंगाई बढ़ती है। मानसून के दौरान स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ जाते हैं। दूषित पानी से डायरिया, टाइफाइड और पीलिया जैसी बीमारियां फैलती हैं। निर्माण कार्य प्रभावित होते हैं, सड़कें टूटती हैं, यातायात बाधित होता है और उद्योगों की उत्पादन क्षमता पर भी असर पड़ता है। यानी मानसून का प्रभाव केवल खेतों तक सीमित नहीं, बल्कि देश की संपूर्ण आर्थिक गतिविधियों पर पड़ता है। ऐसे में किसानों और आमजन को भी वर्षा जल को संरक्षित करना होगा। शहरी क्षेत्रों में आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने होंगे। आपदा प्रबंधन तंत्र को केवल राहत कार्य तक सीमित न रखकर पूर्व तैयारी पर अधिक ध्यान देना होगा। मानसून प्रकृति का सबसे बड़ा उपहार है, लेकिन यह तभी वरदान बन सकता है जब उसकी प्रत्येक बूंद का सम्मान किया जाए। यदि वर्षा जल संरक्षण, वैज्ञानिक जल प्रबंधन, मजबूत शहरी अवसंरचना और प्रभावी आपदा प्रबंधन को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाए, तो मानसून केवल मौसम नहीं, बल्कि भारत के सतत विकास की सबसे बड़ी ताकत बन सकता है।

# भरोसे और सच की कसौटी पर डॉक्टरी पेशा



डॉ. संजय शुक्ला

डॉक्टर को 'गॉड ऑफ अर्थ' यानि धरती का भगवान कहा गया है। डॉक्टरी पेशा ही एक ऐसा पेशा है जिसकी हमेशा सर्वोच्च सामाजिक प्रतिष्ठा रही है। भारत में पौराणिक काल से लेकर आधुनिक दौर में वैद्यों, हकीमों और डॉक्टरों का व्यवसायिक नजरिए से समाज में काफी सम्मानजनक स्थान रहा है। देश के महान चिकित्सक डॉ. बिधानचंद्र राय जिनका जन्मदिन 1 जुलाई है की स्मृति में भारत में प्रतिवर्ष 'डॉक्टर्स डे' मनाया जाता है। डॉ. राय की ख्याति केवल उच्च शिक्षा प्राप्त मेडिकल टीचर और डॉक्टर के तौर पर ही नहीं थी बल्कि उन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में बतौर सेनानी असहयोग आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। डॉ. बिधानचंद्र राय आगे चलकर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी बने तथा उन्हें देश के सर्वोच्च अलंकरण 'भारत रत्न' से नवाजा गया। चिंतनीय है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते निजीकरण और लचर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के चलते चिकित्सा जैसा पवित्र पेशा अब अनेक विसंगतियों से जूझने लगा है।

बाजारवाद और कार्पोरेट घरानों के भारी निवेश के चलते चिकित्सा का क्षेत्र सेवा की जगह कमाई का जरिया बन रहा है फलस्वरूप डॉक्टरों और मरीज के बीच पहले जैसा विश्वास नहीं रहा जो पेशे की अहम कड़ी है। बीते कुछ दशकों के दौरान चिकित्सा क्षेत्र में कुछ ऐसे घटनाएं हुई है जिसने डॉक्टरी पेशे की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा किया है। विचारणीय है कि अतीत में जिस चिकित्सा पेशे के प्रति समाज और लोगों में सम्मान और भरोसा था उसकी डोर अब कमजोर होने लगी है। बहरहाल भारत जैसे देश में डॉक्टर और मरीज के बीच पनप रहे अविश्वास के लिए सरकार, समाज और चिकित्सक समान रूप से जिम्मेदार हैं। इस पेशे की घटती विश्वसनीयता के लिए मुख्य रूप से चिकित्सा क्षेत्र में बढ़ती व्यावसायिकता, सोशल मीडिया पर चिकित्सा और स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रामक खबरें, डॉक्टर और मरीज के बीच संवाद की कमी, चिकित्सा में बढ़ती जटिलताएं और मरीज अथवा परिजनों की अति उम्मीद के साथ ही मेडिकल लापरवाही और जवाबदेही का अभाव है।

भारत जैसे कमजोर अर्थव्यवस्था वाले देश में स्वास्थ्य का क्षेत्र शहरी और ग्रामीण तथा अमीर व गरीब के बीच में बंटा हुआ है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जारी असमानताओं और विसंगतियों के कारण चिकित्सा पेशे में विश्वसनीयता की कमी आई है फलस्वरूप डॉक्टर और मरीज के परिजनों के बीच हिंसक झड़पों की खबरें अब आम हो चुकी है।हालांकि सभ्य समाज में ऐसे संघर्ष को कदापि स्वीकार नहीं किया जा लिहाजा आज जरूरत डॉक्टर और मरीज के बीच बढ़ रहे अविश्वास



को खत्म करने की जरूरत है इसके लिए समाज और चिकित्सक बिरादरी के बीच संवाद के फासले को कम करना होगा।अलबत्ता यह भी सच है कि नैतिक मूल्यों के पतन के वर्तमान दौर में चिकित्सा जैसा मुकद्दस पेशा भी अछूता नहीं है जिसके चलते डॉक्टरों के सफेद कोट यानि एप्रन पर भी दाग के छींटें पड़ने लगे हैं। बीते दौर में निजी अस्पतालों के डॉक्टरों द्वारा अनावश्यक गर्भाशय निकालने, गैरजरूरी सर्जरी करने, धोखेबाजी करके किडनी निकालने, हृदय के धमनियों की सर्जरी के दौरान लगने वाले 'स्टेंट' अथवा एंजियोप्लास्टी में घपला करने, लिंग परीक्षण अथवा एबॉर्शन में पैसे ऐंठने, स्मार्ट कार्ड घोटाले में संलिप्तता और पैसों के भुगतान के आड़ में शव को बंधक बनाने जैसी खबरें सामने आई है।

आज आमधारणा यह बनती जा रही है डॉक्टर अपने कमीशन और अस्पतालों के भारी-भरकम खर्च जुटाने के लिए मरीजों की गैर जरूरी जांच कराते हैं अथवा भर्ती रखते हैं। इसी प्रकार लोगों का यह भी सोच बन चुका है कि डॉक्टर दवा कंपनियों से मिलने वाले उपहार या सैर-सपाटे के ऐवज में मरीजों को सस्ती दवाओं की जगह महंगे ब्रांडेड दवाएं लिखते हैं। हाल के दिनों में कुछ डॉक्टरों के आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त होने और फर्जी डिग्री व रजिस्ट्रेशन के आधार पर सर्जरी करने या प्रेक्टिस करने की भी खबरें सामने आई है जो बेहद चिंताजनक है। हालांकि डॉक्टरों के बारे में उपरोक्त ख़बरें और धारणाएं अर्धसत्य है बिलाशक आज भी अधिकांश चिकित्सक अपने पेशे और प्रतिष्ठा के प्रति काफी संजीदा हैं। लिहाजा महज चंद डॉक्टरों के अनैतिक गतिविधियों के चलते समूचे चिकित्सक बिरादरी को कठघरे में खड़ा करना अन्यायपूर्ण होगा। अधिकतर डॉक्टर अपने मरीजों के सेहत और जिंदगी के प्रति कितना फिक्रमंद हैं? इसका उदाहरण हमने बीते वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान देखा जब पूरी दुनिया अपने घरों में तालेबंद थी तब यही चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ दिन-रात हजारों मरीजों की सांसों की डोर थामने अपनी जान को दांव पर लगा रहे थे।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि डॉक्टरों की जिंदगी में अनेक ऐसे क्षण आते हैं जब कोई मरीज जिंदगी के लिए निर्णायक संघर्ष करते रहता है तब यह संघर्ष अकेले मरीज का ही नहीं होता है बल्कि इस संघर्ष का अहम हिस्सा उस डॉक्टर का होता है जो मरीज की जिंदगी के लिए खुद जद्दोजहद कर रहा होता है। बीमार को बीमारी और मौत के मुंह से लौटाकर उसे सेहतमंद बनाने और जिंदगी बचाने के असली मायने एक डॉक्टर से बेहतर कोई नहीं जान सकता। सच्चाई यह है कि हर डॉक्टर मरीज की जान बचाने और उसे तंदुरुस्त रखने की हरसंभव कोशिश करता है ऐसे में यदि किसी मरीज के साथ अनहोनी हो जाए तो चिकित्सक को दोषी ठहराना कतई उचित नहीं है। हालांकि अपवाद स्वरूप सच्चाई यह भी है कि कुछ मामलों में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की लापरवाही और उदासीनता भी सामने आई है जिसके चलते मरीजों को अपने जान से हाथ धोना पड़ा है। इन विसंगतियों के मद्देनजर चिकित्सक संगठनों की भी जवाबदेही है कि वह चिकित्सा पेशे की धूमिल होती साख के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं ताकि इस पेशे की प्रतिष्ठा और शुचिता कायम रहे।

गौरतलब है कि देश की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था शुरूआत से ही उपेक्षा और बदहाली का शिकार रहा है। अभावों से जूझते सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में काम करने वाले चिकित्सकों और जूनियर डॉक्टर्स सीमित तनख्वाह में अपने परिवार से दूर 24 से 36 घंटे बीमार और गंदगी के बीच लगातार तीमारदारी में जुटे होते हैं। हाल के दिनों में काम के बोझ के चलते डॉक्टरों द्वारा खुदकुशी के मामले भी सामने आए हैं। दूसरी ओर सरकार डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को सुरक्षा देने में लगातार नाकाम रही है फलस्वरूप डॉक्टरों और अस्पतालों पर हमलों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। चिकित्सा पेशे पर उठ रही उंगलियों के मद्देनजर अहम सवाल यह भी कि डॉक्टर भी समाज का ही हिस्सा है तथा उसकी भी पारिवारिक जिम्मेदारी और जरूरतें हैं लिहाजा नैतिकता और परोपकार की अपेक्षा केवल चिकित्सा बिरादरी से ही क्यों? आखिरकार वर्तमान भौतिकवादी दौर में डॉक्टरों को भी पैसों की जरूरत है। अलबत्ता पैसों की कमाई के तरीकों पर जरूर बहस होना चाहिए क्योंकि यह सीधे तौर पर व्यक्ति के सेहत से जुड़ा मसला है। यदि कोई चिकित्सक अपनी योग्यता और कौशल के बल पर इस पेशे की शुचिता और शपथ के मर्यादा में पैसा कमाता है तो यह कतई अनैतिक नहीं है।

बहरहाल 'डॉक्टर्स-डे' की सार्थकता तब है जब चिकित्सक अपनी व्यवसायिक दायित्वों के प्रति सजग होकर अपने पेशे को महज कमाई का जरिया न मानते हुए इसे पीड़ित मानव के सेवा का माध्यम भी माने। डॉक्टरों को अपने उपचार की प्रक्रिया पर पूरी पारदर्शिता लानी होगी ताकि मरीज और परिजन उपचार के खर्च और परिणाम दोनों के प्रति आश्वस्त हो सकें। सरकार को भी बुनियादी स्वास्थ्यगत ढांचे को मजबूत करना होगा वहीं समाज से भी अपेक्षा है कि वह चिकित्सकों के प्रति संवेदनशील बनें। आखिरकार ईश्वर भले ही हमें जीवन देता है लेकिन गंभीर बीमारियों और दुर्घटनाओं के दौरान जीवन की रक्षा तो डॉक्टर ही करता है।

## दिवस विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# आज 'थैंक्यू , डॉक्टर साहब!' कहिए तो याद कीजिए...

आज नेशनल डॉक्टर्स डे है यानी राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस। मरीजों के प्राण व स्वास्थ्य की रक्षा के प्रयत्नों में डॉक्टरों द्वारा प्रदर्शित समर्पण के लिए उनका सम्मान करने, उनके प्रति कृतज्ञता जताने और उन्हें धन्यवाद देने का दिन, जो 'भारतरत्न' से सम्मानित अपने वक्त के देश के महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी और बारह से ज्यादा वर्ष तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे डॉ. बिधानचंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है। दरअसल, यह दिन डॉ. बिधानचंद्र रॉय की जयंती भी है और पुण्यतिथि भी। 1882 में एक जुलाई को पटना के बांकीपुर में एक बंगाली कायस्थ परिवार में उनका जन्म हुआ था तो 1962 में एक जुलाई को ही निधन भी हुआ-उनके 80वें जन्मदिन पर। बहरहाल, राजनेता के रूप में काम करते हुए भी उन्होंने चिकित्सक के रूप में अपने दायित्वों के प्रति समर्पण में कोई कमी नहीं आने दी, जिसके चलते दूरदर्शी संस्था-निर्माता के रूप में सामने आये और आधुनिक भारतीय स्वास्थ्य सेवा व चिकित्सा शिक्षा के जनक माने जाने लगे। उन्होंने कलकत्ता में चित्तरंजन सेवा सदन, चित्तरंजन कैंसर अस्पताल, विक्टोरिया इंस्टीट्यूशन और जादवपुर टी.बी. अस्पताल जैसे प्रमुख चिकित्सा संस्थानों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही देश में चिकित्सा शिक्षा और पेशेवर मानकों के नियमन के लिए 1939 में भारतीय चिकित्सा परिषद की स्थापना की और उसके पहले अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 1928 में देश के डॉक्टरों को एक मंच पर लाने के लिए भारतीय चिकित्सा संघ (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) के गठन में भी उनका बहुत बड़ा योगदान था। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बने तो राज्य में स्वास्थ्य केंद्रों, प्रसूति केंद्रों, और कुष्ठ रोग क्लीनिकों का अभूतपूर्व विस्तार किया। मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी अनेकानेक व्यस्तताओं के बावजूद, वे प्रतिदिन दो घंटे गरीब मरीजों को मुफ्त चिकित्सा सहायता और दवाइयां देते थे। इसलिए एक जुलाई को, जो उनकी जयंती भी है और पुण्यतिथि भी, नेशनल डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया और इस दिन उत्कृष्ट डॉक्टरों को सम्मानित किया जाने लगा। समय के साथ इस अवसर पर देश की पहली डिग्रीधारी महिला चिकित्सक आनंदीबाई गोपालराव जोशी और उनके संघर्षों को भी याद किया जाने लगा। 1885 में पुणे (महाराष्ट्र) की आनंदीबाई गोपालराव जोशी ने डॉक्टर बनने का संकल्प लिया तो उन्हें गुलामी के साथ पितृसत्ता की जाई नाना प्रकार की रूढ़ियों, संकीर्णताओं और परम्पराओं वगैरह का भारी भरकम बोझ भी उठाना पड़ा था। उन्होंने इंच-इंच संघर्ष कर सबको शिकस्त दी और देश की पहली डिग्रीधारी महिला डॉक्टर बनकर रहीं। अपने भीतर की मां को सदमे से उबारकर इस दृढ़ संकल्प तक पहुंचाया कि वे चिकित्सा विज्ञान पढ़कर डॉक्टर बनेंगी और अपने देखते किसी भी अन्य मां की गोद इस तरह सूनी नहीं होने देंगी। उन्होंने इस बाबत अपने पति गोपाल राव को बताया तो उन्होंने उसे पूरा करने में हर कदम पर उनका साथ देने का वचन दिया और उसे निभाया भी। उनका माता-पिता का दिया नाम यमुना था, जो विवाह के बाद एक परम्परा के तहत बदल दिया गया था और ससुराल वाले उन्हें आनंदीबाई कहकर पुकारने लगे थे। बाद में परम्परा के अनुसार अभिलेखों में उनके नाम के साथ पति का नाम जोड़ दिया गया तो उनका नाम आनंदीबाई गोपाल राव जोशी हो गया। अमेरिका में डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी करके वे स्वदेश लौटीं तो कोल्हापुर रियासत द्वारा संचालित अल्बर्ट एडवर्ड अस्पताल के महिला वार्ड में प्रभारी चिकित्सक नियुक्त हुईं। लेकिन नियति ने इस मोड़ पर भी उनका ट्रेजेडी से सामना कराना ही तय कर रखा था। पद भार संभालने के कुछ ही दिनों बाद वे तपेदिक (टीबी) की शिकार हो गईं, जो उन दिनों तक सर्वथा लाइलाज बीमारी मानी जाती थी। अंततः 26 फरवरी, 1887 को महज 22 साल की उम्र में इस असाध्य बीमारी ने उनकी जान ले ली और जिस तरह उनकी गोद सूनी हुई थी, उस तरह किसी और मां की गोद सूनी न होने देने का उनका सपना सपना ही रह गया।

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित

## दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# धन कमाने के साथ भक्ति भी करें



संकलित

## प्रेरणा

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कैसे साबित करें कि हम भारतीय हैं

आज के दिन भारतीयों के पास कोई ऐसा प्रमाण या प्रमाणपत्र नहीं है जिससे वो अपना भारतीय होना साबित करें। क्या यह अफसोस और शर्म की बात नहीं है। मैं 81 वर्ष पहले यहां पैदा हुआ, दो-तीन पीढ़ियां गुजर गईं और आज हमें कहा जा रहा है कि साबित करो तुम भारतीय हो। नागरिकता प्रमाणपत्र सबको नहीं मिलता, शायद उनको दिया जाता है जो यहां के पैदाइशी नहीं हैं या जो नागरिकता के लिए आवेदन करते हैं। अगर पासपोर्ट, आधार कार्ड, राशन कार्ड और पैन कार्ड आदि नागरिकता प्रमाणपत्र नहीं हैं, तो नागरिकता कैसे साबित करें। हाल में अदालत ने अपने फैसले में पासपोर्ट को नागरिकता का प्रमाणपत्र नहीं माना। इसके बाद से नागरिकता प्रमाणपत्र को लेकर बहस छिड़ गई है।

*- समीर भट्टाचार्य, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### आत्मनिर्भर भारत



उद्योगों के लिए पारदर्शी नीतियों, 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के जरिए हमारी सरकार मजबूत औद्योगिक इकोसिस्टम बना रही है। 'आत्मनिर्भर भारत' का मतलब है ऐसा भारत जो आत्मविश्वास के साथ अपने पैरों पर खड़ा हो।

- **राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर



1.5 अरब लोगों की आबादी के लिए, हमने 1.86 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए हैं, जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के लिए मजबूत आधार तैयार हुआ है। यहां हमने स्क्रीनिंग और बीमारी का जल्द पता लगाने वाली सेवाएँ शुरू की हैं।

- **जेपी नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### शिक्षा-परीक्षा प्रणाली



शिक्षा अच्छी होगी, परीक्षाएं निष्पक्ष होंगी, तो तरक्की पक्की होगी। शिक्षा के कारण हिंदुस्तानी पहचान और इंसानियत खतरे में है। हम सकारात्मक शिक्षा लाएंगे और 'भाई-राष्ट्र' बनाएंगे। 'शिक्षा-परीक्षा प्रणाली' में बदलाव देश का भविष्य संवारेगा।

- **अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### युवा खिलाड़ी



आयरलैंड ने हमें बुरी तरह हरा दिया। आईपीएल में 237 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाने वाले खिलाड़ी को बेंच पर बिठाना बेवकूफी है। कल अभिषेक शर्मा और वैभव से ओपनिंग करवाओ! इन युवा खिलाड़ियों को अपना जलवा दिखाने दो।

- **सुनील गावस्कर**, पूर्व भारतीय क्रिकेटर

## करंट अफेयर

# एआई से बने चेहरों को पहचानना अब पहले जितना आसान नहीं

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से तैयार किए गए 'डीपफेक' चेहरे अब इतने वास्तविक दिखने लगे हैं कि वे अक्सर लोगों को धोखा दे देते हैं। कुछ शोध के अनुसार, 2027 तक डीपफेक से जुड़ी धोखाधड़ी का वार्षिक मूल्य 40 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। ज्यादातर लोगों के लिए एआई से बने चेहरों को पहचानना मुश्किल होता है। 2023 में हमें पता चला था कि कुछ एआई-निर्मित चेहरे इतने 'हाइपर-रियल' होते हैं कि वे वास्तविक इंसानी चेहरों से भी अधिक असली प्रतीत होते हैं।



## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6



ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था।

## संक्षेप

### पर्यटन विकास, 30 करोड़ की परियोजनाएं स्वीकृत

**धार्मिक, आध्यात्मिक और इको-टूरिज्म का नया केंद्र बन रहा जिला**

अमेठी, जिला अपनी स्थापना की 16वीं वर्षगांठ मना रहा है। 1 जुलाई 2010 को जिला बनने के बाद यहां पर्यटन विकास की गति लंबे समय तक धीमी रही थी। वर्ष 2017 के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पर्यटन परियोजनाओं को गति मिली, जिससे जिले की तस्वीर बदलनी शुरू हुई। सरकार ने धार्मिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। वर्ष 2017 से वित्तीय वर्ष 2026-27 तक लगभग 30.39 करोड़ रुपये की पर्यटन परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इन परियोजनाओं से पर्यटन सुविधाओं का विस्तार हुआ है और प्रमुख धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण कराया गया है। इन लगातार हो रहे विकास कार्यों से अमेठी अब प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। ईको-टूरिज्म को भी बढ़ावा मिला है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अमेठी को धार्मिक, आध्यात्मिक और प्रकृति पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए जिले के कई महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्यटन विकास परियोजनाएं संचालित हैं। इनमें जायस स्थित बाबा गोरखनाथ की तपोस्थली का विकास शामिल है, जहां गुरु गोरखनाथ की बैठी हुई योग मुद्रा में 25 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। गौरीगंज की हनुमानगढ़ी गौरा का पर्यटन विकास और सौंदर्यीकरण भी किया जा रहा है। इसी प्रकार, बहादुरपुर विकासखंड के ग्राम पीढ़ी स्थित तपेश्वर नाथ धाम मंदिर और परम संत कबीर साहेब की बैठका का भी कायाकल्प किया जा रहा है। मुसाफिरखाना के ग्राम नारा अढ़हनपुर स्थित बाबा महावीर दास मंदिर को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, काटूनाला वन्यजीव क्षेत्र को एक इको-टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से अमेठी का पर्यटन परिदृश्य बदलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### संग्रामपुर में 66 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**अमेठी में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत एचआरपी कैंप लगा**

अमेठी , बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अमेठी के संग्रामपुर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत एक एचआरपी (हाई रिस्क प्रेग्नेंसी) कैंप का आयोजन किया गया।इस दौरान कुल 66 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महिला डॉक्टर रुखसार ने सभी महिलाओं का ब्लड प्रेशर और वजन सहित अन्य आवश्यक जांचें कीं। लैब में खून की मात्रा और शुगर की भी जांच की गई, ताकि किसी भी संभावित जोखिम का समय रहते पता लगाया जा सके। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर संतोष सिंह ने बताया कि कैंप में पंजीकृत 66 गर्भवती महिलाओं में से 3 को एचआरपी के रूप में चिन्हित किया गया। इसके अतिरिक्त, 9 महिलाओं को अल्ट्रासाउंड जांच के लिए रेफर किया गया है।

## रूपईडीहा एसएसबी ने तस्करों से अवैध बैटरी और मेघाश्री नेपाली गुटखा किया बरामद

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित एस एस बी चेक पोस्ट रूपईडीहा पर टीम ने गुरुवार को चेकिंग और फ्रिस्किंग अभियान के दौरान दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से सीमा पार ले जाए जा रहे सामान को बरामद किया तथा संबंधित व्यक्तियों को अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय के सुपुर्द कर दिया।

पहले मामले में 2 जुलाई को सुबह भारत से नेपाल की ओर जा रहे एक ई-रिक्शा को रोककर जांच की गई। तलाशी के दौरान ई-रिक्शा से चार अदद एक्साइड (150 एएच) लेड एसिड बैटरियां बरामद हुईं। पूछताछ के दौरान चालक बैटरियों से संबंधित कोई वैध बिल या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम अरमान दर्जी पुत्र बदरू दर्जी, उम्र 25 वर्ष, निवासी नेपालगंज नगरपालिका वार्ड संख्या-11, जिला बांके, नेपाल बताया। बाद में समवाय प्रभारी द्वारा पूछताछ में पता चला कि उक्त बैटरियां रूपईडीहा चकिया मोड़ निवासी एक व्यक्ति द्वारा नेपालगंज स्थित एक बैटरी दुकान तक पहुंचाने के लिए भेजी गई थीं। उपलब्ध तथ्यों और पूछताछ के आधार पर कस्टम अधिकारियों ने इसे अवैध एवं अनाधिकृत मार्ग से भारत से नेपाल ले जाने का प्रयास माना और बरामद बैटरियों को कस्टम अधिनियम 1962 की धारा 110 के तहत अधिग्रहित कर लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद ई-रिक्शा, बैटरियों और संबंधित व्यक्ति को कस्टम कार्यालय रूपईडीहा के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं दूसरे मामले में एस एस बी को सूचना मिली कि नेपाल से भारत की ओर आ रही एक हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (वढ 40 अ 2234) पर अवैध सामान लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान बाइक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया जबकि दूसरे युवक को पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम अल्तमश पुत्र अज्जन उम्र 19 वर्ष, निवासी किला मोहल्ला, राजा बाजार चौकी, तहसील नानपारा, जनपद बहराइच बताया। संदेह के आधार पर बाइक पर बंधी बोरियों की तलाशी ली गई, जिसमें काले प्लास्टिक में पैक मेघाश्री गुटखा बरामद हुआ। पूछताछ एवं उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अधिकारियों ने माना कि उक्त सामान को अनाधिकृत मार्ग से नेपाल से भारत लाने का प्रयास किया जा रहा था। एस एस बी ने बरामद मेघाश्री गुटखा और मोटरसाइकिल को कस्टम अधिनियम 1962 की धारा 110 के तहत अधिग्रहित कर लिया तथा आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद बरामद सामान, मोटरसाइकिल और संबंधित व्यक्ति को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय रूपईडीहा के सुपुर्द कर दिया गया।

## पूर्व प्राचार्य के घर पहुंच अवध वाटिका संस्थान ने किया सम्मानित

**सर्वोदय इंटर कॉलेज से सेवानिवृत्त है शत्रुघ्न लाल श्रीवास्तव**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। अवध वाटिका साहित्य संस्थान बहराइच के संस्थापक अध्यक्ष पीके प्रचंड व सचिव तिलक राम अजनबी ने संस्था की ओर से जनपद बहराइच के गौरव शिक्षाविद, साहित्य सृजक, कर्मठ व ईमानदार तथा अपने छात्रों के उज्जवल भविष्य के प्रति समर्पित सर्वोदय इंटर कालेज मिहींपुरवा के पूर्व प्राचार्य शत्रुघ्न लाल श्रीवास्तव को जो इस समय 90 वर्ष पार कर चुके हैं, चलने फिरने में भी असमर्थ हैं उनके बड़े बेटे सुभाषित श्रीवास्तव अकिंचन व बहू की उपस्थिति में उनके आवास पर पहुंच कर उन्हें अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह ,प्रशस्ति पत्र व आम्र फल प्रदान करके सम्मानित किया। तत्पश्चात शत्रुघ्न लाल श्रीवास्तव जी के आदेश पर उनके समक्ष अपनी अपनी रचना की प्रस्तुति दी। संस्था के अध्यक्ष व हास्य कवि पीके प्रचंड ने कहा यह हमारे लिए अत्यंत खुशी की बात है कि मुझे वरिष्ठ शिक्षाविद व साहित्यकार को सम्मानित करने का अवसर मिला है।तिलक राम अजनबी ने उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनका आशीर्वाद लिया।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू

**जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान शुरू हो गया।जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि ने गौरीगंज स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह अभियान 1 से 31 जुलाई तक चलेगा, जिसमें संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान शामिल है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर फॉगिंग और एंटी लार्वा मशीनों का प्रदर्शन भी किया गया।इस महत्वपूर्ण पहल में स्वास्थ्य विभाग सहित कुल 11 विभागों की भूमिका तय की गई है। कार्यक्रम में सीडीओ पूजा साहू, सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप तिवारी, डॉ. पी.के. उपाध्याय, डॉ. राजीव सौरभ और जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहेब सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।अधिकारियों ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत आशा और एएनएम कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, आईएलआई (इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी) और क्षय रोग (टीबी) के संभावित मरीजों की पहचान करेंगी। साथ ही, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट किया जाएगा और वेक्टर सर्वेक्षण भी किया जाएगा। इस दौरान 70 साल से अधिक उम्र के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने और दिव्यांगजनों की सूची तैयार करने का कार्य भी किया जाएगा।

## मौनी बाबा आश्रम में नवनिर्मित प्रसाधन गृह का लोकार्पण

- स्वच्छता अभियान को मिली नई मजबूती
- नगर पालिका परिषद बहराइच की पहल, श्रद्धालुओं व स्थानीय नागरिकों को मिलेगी स्वच्छ एवं नि:शुल्क सुविधा

अमन लेखनी समाचार

सचिन श्रीवास्तव



बहराइच। नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा शहर में स्वच्छता एवं जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मौनी बाबा आश्रम परिसर में नवनिर्मित सार्वजनिक प्रसाधन गृह का लोकार्पण चेयरमैन प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल ने किया। इस सुविधा के शुरू होने से आश्रम आने वाले श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों एवं राहगीरों को स्वच्छ एवं निःशुल्क प्रसाधन सुविधा उपलब्ध होगी। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए श्यामकरन टेकड़ीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के स्वच्छ भारत और स्वच्छ उत्तर प्रदेश के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए नगर पालिका परिषद लगातार कार्य कर रही है।इसी क्रम में शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों तथा मलिन बस्तियों में आधुनिक प्रसाधन केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर का निर्माण केवल प्रशासन के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें आमजन की सहभागिता भी आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से नगर पालिका के स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग देने तथा क्षेत्र की समस्याओं से समय-समय पर अवगत कराने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी प्रेम जालान ने की। उन्होंने नगर पालिका की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों पर ऐसी मूलभूत सुविधाओं का विकास श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूत करेगा।इस अवसर पर सवानंद सरस्वती, विकास मतनहेलिया, राकेश चंद्र श्रीवास्तव, नन्हेलाल लोधी, सभासद हर्षित राज श्रीवास्तव, पुष्पनाथ तिवारी, मनीष रस्तोगी, राहुल दीक्षित, विनय जैन, धर्मेंद्र सिंह, राहुल राय, कमल शेखर, प्रकाश गुप्ता, मगन बिहारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## पैगंबर पर आपत्तिजनक टिप्पणी, एफआईआर की मांग

**हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन ने नाजिया इलाही पर कार्रवाई की मांग की**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर ,पैगंबर मुहम्मद साहब पर नाजिया इलाही द्वारा की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ है। हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।संगठन के सदस्यों ने विभिन्न पुलिस थानों में ज्ञापन सौंपे हैं। इसी क्रम में जयसिंहपुर थाना परिसर में भी एक ज्ञापन सौंपा गया।हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के सदर जयसिंहपुर विधानसभा प्रभारी मोहम्मद राशिद खान के नेतृत्व में आलिम उलेमा और अन्य जिम्मेदार लोग सड़क पर उतरे और पुलिस को अपनी शिकायत दर्ज कराई।इस दौरान मुख्य रूप से प्रधान गंगेव मशरूर आलम, इसरार खान, मकशूद खान गंगेव, फूल खान गंगेव, मोकलपुर मस्जिद के इमाम मौलाना शमशेर आलम, जयसिंहपुर जामा मस्जिद के मौलाना असरार अहमद, कारी शफीकुर्रहमान मुईली, सिराज कुरैशी और बबलू सहित कई लोग मौजूद रहे। फाउंडेशन के विधानसभा प्रभारी मोहम्मद राशिद खान ने जयसिंहपुर थाना प्रभारी को सौंपे गए पत्र में बताया कि नाजिया इलाही खान पर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और सार्वजनिक मंचों के माध्यम से पैगंबर हजरत मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के खिलाफ अत्यंत आपत्तिजनक, अपमानजनक और अमर्यादित टिप्पणियां करने का आरोप है।

## अन्तर्जनपदीय चोर गैंग के 4 सदस्य गिरफ्तार

**26 बैट्री, 5 इन्वर्टर, 38 हजार 400 रुपए नकद और ब्रेजा कार बरामद**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, पुलिस ने 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। गौरीगंज पुलिस ने अंतर्जनपदीय चोरों के एक गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 26 बैट्रियां, 5 इन्वर्टर, 38,400 रुपये नकद, एक ब्रेजा कार और एक लोडर वाहन बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत, गौरीगंज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी।इसके आधार पर, नेता रोड पर खड़ी एक संदिग्ध ब्रेजा कार से सुभाष चंद्र पाठक, राजकुमार तिवारी और मनीष कुमार गुप्ता को पकड़ा गया। कार की जांच में उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी मिली।पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने बताया कि वे अयोध्या, सुल्तानपुर, बस्ती, अमेठी, प्रतापगढ़, बनारस और प्रयागराज सहित कई जिलों में इलेक्ट्रॉनिक दुकानों की रेकी करते थे और सुनसान दुकानों से बैट्री व इन्वर्टर चोरी करते थे। वे वारदात को अंजाम देने के लिए ब्रेजा कार पर फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल करते थे। आरोपियों की निशानदेही पर, सैंठा नाला पुल के पास से मोहन वर्मा को भी गिरफ्तार किया गया। उसके पास लोडर वाहन में चोरी का सामान लदा हुआ था। कुल बरामदगी में 18 नई और 8 पुरानी बैट्रियां, 5 इन्वर्टर, 38,400 रुपये नकद, ब्रेजा कार, लोडर वाहन, 4 मोबाइल फोन और चोरी में प्रयुक्त सरिया व हथौड़ा जैसे उपकरण शामिल हैं। गिरफ्तार सुभाष चंद्र पाठक पर बस्ती और अयोध्या में चोरी के मुकदमे दर्ज हैं, जबकि राजकुमार तिवारी पर संग्रामपुर थाने में एक मामला दर्ज है। ये सभी आरोपी अमेठी और बस्ती जिले के निवासी हैं।गौरीगंज थाने में चारों आरोपियों के खिलाफ तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## नगर निगम के मकानों पर कब्जे का दावा खारिज

**अलीगढ़ का मामला, हाईकोर्ट ने कहा-सिर्फ लंबे समय तक रहने से सरकारी जमीन आपकी नहीं**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़,दोदपुर सिविल लाइन थाने के पीछे सरकारी आवासों के मामले में उच्च न्यायालय ने कब्जाधारियों को करारा झटका दिया है। दशकों से मकानों पर कब्जा कर बैठे कब्जाधारियों की अपील को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि महज लंबे समय तक कब्जा बनाए रखने से, चाहे वह कितने भी समय का हो, किसी सार्वजनिक या सरकारी संपत्ति पर कोई कानूनी अधिकार या टाइटल पैदा नहीं हो जाता।

### एक साथ 'किराएदार' और 'मालिक' दोनों बनने की कोशिश

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शफीकुर रहमान एवं अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के दावों में गंभीर विरोधाभास पाया। कोर्ट ने अपने फैसले में सबसे बड़ा बिंदु यह उठाया कि याचिकाकर्ता अपने मालिकाना हक को लेकर खुद ही भ्रमित थे। पहले दावे में याचिकाकर्ताओं ने खुद को नगर निगम का किराएदार बताया और कहा कि उनके पूर्वज दशकों से नियमित रूप से किराया देते आ रहे थे। वहीं, दूसरे दावे में बहस के दौरान उनके वकील ने तर्क दिया कि उन्होंने 1993 में ही फ्रीहोल्ड अधिकारों के लिए पैसा जमा कर दिया था, जिससे वे वहां के वैध मालिक (आवंटी) बन गए।

### ठोस साक्ष्य नहीं सके प्रस्तुत

हाईकोर्ट ने टिप्पणी में कहा कि कानूनन कोई भी व्यक्ति एक ही समय पर किराएदार और मालिक (या फ्रीहोल्ड धारक) होने का दोहरा दावा नहीं कर सकता। इन दोनों ही दावों को साबित करने के लिए ठोस दस्तावेजों की जरूरत होती है, जिसे याचिकाकर्ता कोर्ट के सामने पेश करने में पूरी तरह नाकाम रहे।

### रसीदें भी निकलीं मिसमैच

सुनवाई के दौरान जब कब्जाधारियों के दस्तावेजों की जांच हुई, तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। याचिकाकर्ताओं के पास न तो कोई अलॉटमेंट लेटर था, न रेंट एग्रीमेंट और न ही नगर निगम के हाउस रजिस्टर या म्यूनिसिपल रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज था। उन्होंने जो रसीदें कोर्ट में दिखाईं, वे विवादित जमीन प्लॉट नंबर 78 और 87 की नहीं थीं।

## आकाशीय बिजली गिरने से 2 की मौत

**धान रोपाई कर रहे बच्चों समेत 8 लोग झुलसे, आम के पेड़ के नीचे खड़े थे**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर ,मानसून की शुरूआत के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई।इस दौरान धान की रोपाई कर रहे आठ अन्य लोग झुलस गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटनाएं बंधुआकला और मोतिगरपुर थाना क्षेत्रों में हुईं। बंधुआकला थाना क्षेत्र के धारूपुर गांव में धान की रोपाई के दौरान 65 वर्षीय पियारी देवी की मौके पर ही मौत हो गई। बारिश के दौरान आम के पेड़ के नीचे खड़े आठ अन्य ग्रामीण भी बिजली की चपेट में आ गए। घायलों में जय सिंह (40), चांदनी (08), मुस्कान (06), जान्हवी (04), छत्रपाल (35), आदित्य (14), उदयराज (65) और प्रानदेई (62) शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल सीएचसी कुड़वार ले जाया गया। चिकित्सकों ने उदयराज, जय सिंह, छत्रपाल और प्रानदेई की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।बंधुआकला थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।एसडीएम उत्तम तिवारी ने मृतक पियारी देवी के परिजनों को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया है। उधर, मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के ककरवारपुर गांव में 65 वर्षीय जगन्नाथ पाल की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। जगन्नाथ अपने घर से लगभग 300 मीटर दूर खेत में भैंस चरा रहे थे, तभी अचानक हुई बारिश के दौरान बिजली की चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए।परिजन उन्हें सीएचसी ले जाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।मृतक के तीन बेटे अनिल पाल, सुनील पाल और अरविंद पाल हैं। परिवार प्रधानमंत्री आवास के कमरे में रहता है ।

## राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी, प्रतापगढ़ का युवक गिरफ्तार

**गिनती के दौरान की चोरी, अयोध्या में करता था ड्यूटी**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के बहुचर्चित मामले में प्रतापगढ़ का कनेक्शन सामने आया है। इस मामले में महेशगंज थाना क्षेत्र के बाबूपुर नारियावा निवासी अविनाश शुक्ला को गिरफ्तार किया गया है। अविनाश उन आरोपियों में शामिल है जिनके खिलाफ राम जन्मभूमि थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। अविनाश शुक्ला किसान राम सजीवन शुक्ला का बेटा है और अपने पांच भाइयों में दूसरे नंबर पर है। उसका बड़ा भाई अभिषेक अयोध्या में शिक्षक है। लगभग दो साल पहले अविनाश रोजगार की तलाश में अयोध्या गया था, जहां उसे राम मंदिर में चढ़ावे की गिनती का काम मिला था।चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही एसआईटी ने अविनाश शुक्ला सहित आठ आरोपियों को नामजद किया है।मामला सामने आने के बाद अविनाश अयोध्या से चला गया था, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जब मीडियाकर्मी महेशगंज थाना क्षेत्र के बाबूपुर नारियावा स्थित अविनाश के घर पहुंचे, तो परिवार का कोई सदस्य बाहर नहीं आया।दरवाजा खटखटाने पर भी किसी ने बात नहीं की। बताया गया कि परिवार के सदस्य घर के अंदर ही मौजूद थे।गांव वालों के अनुसार, अविनाश का पैतृक मकान कच्चा है, जहां उसके माता-पिता राम सजीवन शुक्ला और मिथिलेश देवी रहते हैं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**बाइक को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, दो महिलाएं गंभीर घायल**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, रानीगंज थाना क्षेत्र में सुबह करीब 10:30 बजे एक सड़क हादसे में 16 साल के युवक की मौके पर ही मौत हो गई।इस दुर्घटना में बाइक पर सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतक की पहचान झलिया विशंभरपुर गांव निवासी अंश पटेल (16) पुत्र सुभाष पटेल के रूप में हुई है। अंश अपनी मां और एक रिश्तेदार के साथ मऊआइमा थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव से बाजार जा रहा था। देलूपुर-रानीगंज मार्ग पर पूरे रामसहाय गांव के सामने पहुंचने पर सामने से आ रहे एक टैंकर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंश पटेल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।बाइक पर सवार अंश की मां सुमन देवी (45) पत्नी सुभाष पटेल और रिश्तेदार शांति देवी (46) पत्नी राम सजीवन गंभीर रूप से घायल हो गईं।स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर रानीगंज थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## संक्षेप

### नर्सों ने कंप्यूटर ऑपरेटर पर उत्पीड़न का आरोप लगाया

**डीएम ऑफिस पहुंचीं, सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की; जांच शुरू**

बागपत, जिला अस्पताल में तैनात नर्सों ने एक कंप्यूटर ऑपरेटर पर मानसिक उत्पीड़न और धमकी देने का आरोप लगाया है। बुधवार को छह नर्सें जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचीं और ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई तथा अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। नर्सों के अनुसार, अस्पताल में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर लंबे समय से उनका मानसिक शोषण कर रहा है। शिकायत करने पर वह लगातार धमकियां देता है और उनके साथ गलत व्यवहार करता है। इस मामले में जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अनुराग कुमार ने एक जांच टीम का गठन किया है। यह टीम मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जांच पूरी होने के बाद कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। नर्सों ने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की है।

### रहतना गांव में साइड न देने पर मारपीट

**पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय पर गिरफ्तारी की मांग की, मारपीट का वीडियो वायरल**

बागपत ,दोघट थाना क्षेत्र के रहतना गांव में भैंस-बुग्गी को साइड न देने को लेकर हुए विवाद के बाद शुक्रवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट और पथराव हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बिनौली सीएचसी भेजा। यह घटना तब हुई जब अंकुर पुत्र वेदपाल अपनी भैंस-बुग्गी लेकर खेत से घर लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे कपिल पुत्र रोशन ने अपनी कार से हॉर्न बजाकर साइड मांगी। आरोप है कि अंकुर ने साइड नहीं दी। घर के सामने पहुंचने पर अंकुर ने कपिल के साथ मारपीट की, जिससे कपिल गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद अंकुर पक्ष के लोग लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर लेकर कपिल के घर पहुंच गए और हमला कर दिया। इस हमले में कपिल पक्ष की बहन गुड्डी भी घायल हो गईं। पुलिस ने घायलों को बिनौली सीएचसी पहुंचाया। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने शनिवार को पीड़ित परिवार की तहरीर पर मामला दर्ज कर ायिा।

### अवैध कोचिंग सेंटर्स पर कार्रवाई

**मेरठ में एमडीए ने 10 से अधिक सेंटर सील किए, मालिकों ने विरोध किया**

मेरठ, विकास प्राधिकरण (एमडीए) ने पीएल शर्मा रोड पर बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे अवैध रूप से संचालित कोचिंग सेंटरों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। करीब तीन घंटे चली कार्रवाई में 10 से अधिक कोचिंग सेंटर सील कर दिए गए। इस दौरान बिल्डिंग मालिकों और कोचिंग संचालकों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिससे मौके पर हंगामा और जाम की स्थिति बन गई।एमडीए की जोनल अधिकारी निकिता सिंह, जेई धीरज यादव और विजेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम दोपहर करीब 12:30 बजे पीएल शर्मा रोड पहुंची। कार्रवाई शुरू होते ही कोचिंग सेंटरों में अफरा-तफरी मच गई। जांच के बाद 10 से अधिक कोचिंग संस्थानों को सील कर दिया गया।

# ग्राम प्रधानों की अगुवाई में लगाई गई चौपाल

**विभागीय अधिकारियों द्वारा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की हुई चर्चा**

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए विभागीय अधिकारियों ने ग्राम चौपाल लगाई विकासखंड के अमौली ग्राम पंचायत कस्बे में ग्राम प्रधान शिव कुमारी सोनकर के नेतृत्व में ग्राम चौपाल आयोजित की गई जहां पहुंचे खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के सीडीपीओ अजय सिंह पशु चिकित्सक राहुल पूर्ति निरीक्षक सुरेश पटेल समेत सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में चौपाल अंतर्गत आम जनमानस से बृहद चर्चा की वही महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए अधिकारियों ने क्षेत्रीय नागरिकों को जागरूक किया तथा योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए पंजीकरण कराने की प्रेरणा दी चौपाल में उपस्थित अधिकारियों ने वृक्षारोपण किया वहीं गौ पालन के लिए सभी को प्रेरणा दी ठीक इसी प्रकार विकासखंड के ग्राम पंचायत चांदपुर में ग्राम प्रधान शिवशंकर तोमर द्वारा आयोजित चौपाल कार्यक्रम में भी सरकार की नीतियां उपलब्धियां तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की विशेष चर्चा करते हुए अधिकारियों ने ग्राम वासियों को प्रेरणा दी इस मौके पर डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह एडियो रविंद्र सिंह एडियो पंचायत मुन्नालाल विनोद कुमार सचिन उत्तम शिक्षिका सुभा देवी स्वास्थ्य विभाग की सी एच ओ शीलम उमराव ग्राम प्रधान पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर वन दरोगा शैलेंद्र कुमार पंचायत सचिव नीरज कुमार अर्जुन सोनकर समेत भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा आशा कर्मी मौजूद रही

# बीएसए में चलाया चाबुक काटा गया लापरवाह शिक्षकों का वेतन

**खबर का असर**

अमन लेखनी समाचार


शिक्षा बनी खिलवाड़ नदारत मिले सरकारी वेतन भोगी


अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मठ में कार्यरत शिक्षक प्रधानाध्यापिका दीप्ती अग्निहोत्री तथा सहायक अध्यापिका ज्योती वर्मा के ऊपर बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्य ने दंडात्मक कार्यवाही की मीडिया द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान विद्यालय में एक शिक्षामित्र पांच बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराते मिले वहीं सरकारी वेतन भोगी दोनों शिक्षिका अपने घर में गहरी नींद में सोई हुई थी तफसीस के पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण शुक्ला से जानकारी ली गई जहां उन्होंने विधिवत जांच करते हुए लापरवाह शिक्षकों के ऊपर कार्यवाही के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा वही खबर प्रमुखता से सारसागर हिंदी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित की गई जिसे संज्ञान में लेते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्य ने दोनों शिक्षकों के ऊपर दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया वहीं विद्यालय की साफ सफाई साज सज्जा तथा अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने के कड़े दिशा निर्देश दिए।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आए तीन ग्रामीण बुरी तरह झुलसे

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर , जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सेवरामऊ में कल शाम समय बारिश के चलते अचानक आकाशीय बिजली गिरी आकाशीय बिजली गिरने से खेत में अपने जानवरों को चरा रहे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण 50 वर्षीय गट्टू मिश्रा पुत्र बिंदा प्रसाद 15 वर्षीय भूरा पुत्र स्वर्गीय चुन्नू तथा 19 वर्षीय हरिवंश पुत्र नन्नू मिश्रा बारिश के चलते एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए वहीं अचानक आकाशीय बिजली गिरने से तीनों युवक झुलस गए यह सूचना जैसे ही परिजनों को मिली तो तत्काल परिजन तथा ग्रामीण सभी घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गाजीपुर ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात युवक भूरा तथा गट्टू मिश्रा की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं घायल हरिवंश का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गाजीपुर पर चल रहा है

# बहन की हत्या के बाद भी नहीं हुआ पछतावा

**मेरठ में भाई बोला– रोज की जिल्लत से जेल बेहतर है, अब नहीं सह पा रहे ताने**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,लोहियानगर थाना क्षेत्र में शाम करीब 4 बजे बहन की गला दबाकर हत्या करने के आरोपी भाई ने पुलिस पूछताछ में अपने अपराध पर कोई पछतावा नहीं जताया। दोपहर 2 बजे थाने में पूछताछ के दौरान उसने दावा किया कि बहन को कई बार समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। आरोपी ने कहा कि समाज के तानों और बदनामी से तंग आकर उसने यह कदम उठाया और अब जेल जाने का भी उसे अफसोस नहीं है। 'बहन को कई बार समझाया, लेकिन नहीं मानी'पुलिस सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लंबे समय से अपनी बहन को समझाने की कोशिश कर रहा था। उसने परिवार की प्रतिष्ठा, मोहल्ले में हो रही बदनामी और लोगों के तानों का हवाला देकर उसे अपना व्यवहार बदलने के लिए कहा, लेकिन उसकी बात का कोई असर नहीं हुआ।

**बोला– जेल चला जाऊंगा, अब ताने नहीं सुनने पड़ेंगे**

थाने में एक कोने में बैठे आरोपी ने पुलिस के सामने कहा, मैंने उसे कई बार बहन को समझाया था। परिवार की इज्जत का वास्ता दिया, मोहल्ले वालों के ताने और बदनामी की बात कही, लेकिन वह नहीं मानी। अब मेरे पास यही आखिरी रास्ता बचा था। मुझे अपने किए का अफसोस नहीं है। रोज-रोज लोगों की बातें सुनने और जिल्लत झेलने से बेहतर है कि जेल चला जाऊं। कम से कम अब किसी के ताने तो नहीं सुनने पड़ेंगे। पुलिस जुटा रही हर पहलू के साक्ष्य पुलिस अधिकारियों के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी शांत रहा।

और उसने हत्या की बात स्वीकार की। हालांकि पुलिस उसके दावों की भी जांच कर रही है। घटना से जुड़े सभी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और परिजनों, पड़ोसियों समेत अन्य लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

# इंस्पेक्टर बनने से पहले रिश्वतखोरी में धरे गए प्रकाश चंद

**दो माह के भीतर जारी होनी थी प्रमोशन लिस्ट, सीबीआई तक में दे चुके सेवाएं**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार दरोगा प्रकाश चंद दोपहर करीब 3 बजे जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गए। एंटी करप्शन टीम ने दोपहर तीन बजे दरोगा को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम कोर्ट में पेश किया, जहां एंटी करप्शन द्वारा मांगी गई रिमांड मंजूर करते हुए कोर्ट ने दरोगा को जेल की सलाखों के पीछे भेजने के आदेश कर दिए। दो महीने के अंदर दरोगा का इंस्पेक्टर पर प्रमोशन होने वाला था लेकिन उससे पहले ही वह एंटी करप्शन के चंगुल में फंस गए। इस कार्रवाई से दरोगा के प्रमोशन पर तलवार लटक गई है। यूपी पुलिस के दरोगा प्रकाश चंद को दोपहर करीब सवा बजे एंटी करप्शन की मेरठ टीम ने पुलिस लाइन के पास से 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। प्रकाश चंद गंगानगर थाने में तैनात हैं जो वहां दर्ज धोखाधड़ी से जुड़े मुकदमे की विवेचना कर रहे थे। यह मुकदमा गंगानगर निवासी नमन चौधरी ने हरिद्वार के मंगलौर निवासी पवन चौधरी के अलावा मुजफ्फरनगर निवासी संगीता व उनके बेटे नवनीत के खिलाफ दर्ज कराया था। इसी मुकदमे से नाम निकालने की एवज में दरोगा प्रकाश चंद ने 20 हजार रुपये की मांग की थी।

**पवन के बेटे ने एंटी करप्शन में की शिकायत**

दीपक ने दरोगा प्रकाश चंद से मिलकर बताया था कि उनके खिलाफ गलत मुकदमा दर्ज कराया गया है। आग्रह किया कि जो सच है, वह रिपोर्ट लगा दें लेकिन इस सच को लिखने के लिए दरोगा रिश्वत की मांग करने लगे। शुरूआत दो लाख रुपये से हुई। फिर एक लाख और 50 हजार रुपये तक मामला पहुंचा। आखिर में 20 हजार रुपये पर बात डन हो गई। एंटी करप्शन ने दीपक को 20 हजार रुपये के 500-500 के नोटों पर फिनोलफथेलिन पाउडर लगाकर दिए जो दीपक ने पुलिस लाइन के गेट के पास पहुंचकर दरोगा प्रकाश चंद को सौंप दिए। तभी एंटी करप्शन ने दबोच लिया।

**भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम कोर्ट में पेश**

एंटी करप्शन की टीम ने रिश्वतखोर दरोगा प्रकाश चंद को सिविल लाइन पुलिस की मदद से एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया। एंटी करप्शन द्वारा दरोगा की रिमांड मांगी गई, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए दरोगा को जेल भेजने का फरमान सुना दिया।

# जाटव गेट से दूसरे इलाके के ट्रांसफार्मर हटाने की मांग

**निरीक्षण करने पहुंचे चीफ इंजीनियर से लोगों ने जताई नाराजगी, बोले– लगता है डर**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , जाटव गेट इलाके में रात ट्रांसफार्मर में लगी आग की घटना के बाद लोग दहशत में हैं। दोपहर निरीक्षण करने पहुंचे विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर रजनीकांत मिश्रा को लोगों की भारी नाराजगी झेलनी पड़ी। लोगों का आरोप था कि उनके यहां दूसरे इलाके के ट्रांसफार्मर लगा दिए गए हैं। कभी भी यहां बड़ा हादसा हो सकता है। चीफ इंजीनियर ने जगह मिलते ही ट्रांसफार्मर शिफ्ट कराने का भरोसा दिलाया है। जाटव गेट पुलिस चौकी के ठीक सामने एक के बाद एक सात ट्रांसफार्मर रखे हैं। देर रात इन ट्रांसफार्मरों में से एक ट्रांसफार्मर में चिंगारी उठी तो लोग सकते में आ गए। देखते ही देखते चिंगारी आग में बदल गई और पहले एक और फिर उसी के नीचे रखे दूसरे ट्रांसफार्मर ने आग पकड़ ली। दोनों ट्रांसफार्मर धूं...धूं...कर जलने लगे। आस पास के लोग दहशत में आ गए। सकरा रास्ता होने के कारण दमकल की गाड़ी भी देरी से पहुंची लेकिन तब तक आग बुझ चुकी थी और ट्रांसफार्मर जल चुके थे।लोगों में देखने को मिली नाराजगी इस हादसे के बाद लोगों में नाराजगी बढ़ गई। उन्होंने एक साथ रखे चार ट्रांसफार्मरों का विरोध कर दिया। जेई व एसडीओ के प्रति भी नाराजगी रही। मामला चीफ इंजीनियर तक पहुंचा। मंगलवार दोपहर को चीफ इंजीनियर रजनीकांत मिश्रा अकेली ही जाटव गेट पहुंच गए। उन्होंने जले ट्रांसफार्मरों को देखा। साथ ही नये ट्रांसफार्मर रखने के लिए क्या व्यवस्था की गई है, इसके बारे में भी जाना।जेई से नाराज दिखे क्षेत्रीय लोग चीफ इंजीनियर ने नाराज लोगों से बात की तो उनका बिजली घर पर तैनात स्टाफ को लेकर गुस्सा फूट पड़ा।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौत

**दिल्ली–मेरठ मार्ग पर हादसा, ओवरटेक करते समय टक्कर लगी**

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर ,दिल्ली-मेरठ मार्ग पर रात 10 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान गांव बजारपुर दौसा निवासी 32 वर्षीय सचिन पायल के रूप में हुई है, जो नोएडा की एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। सचिन रात को दौसा बंजारपुर से मोदीनगर की ओर आ रहे थे। टक्कर से उछलकर गिरे, पहिए के नीचे आने से कुचल गएदिल्ली-मेरठ मार्ग पर देव विहार कॉलोनी के सामने पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक करते समय उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सचिन उछलकर ट्रक के पहिए के नीचे आ गए, जिससे उनका सिर कुचल गया और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि मृतक के भाई नीतिश पायल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है। इसी बीच, मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर हरमुखपुरी कॉलोनी में एक अन्य हादसे में उत्तराखंड परिवहन निगम की रोडवेज बस ने एक बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। बस ने महिला को टक्कर मारी नगर की विजयनगर कॉलोनी निवासी अंगुरी देवी बाजार से सामान खरीदने हरमुखपुरी कॉलोनी गई थीं। रात को जब वह कॉलोनी के गेट नंबर दो के पास पहुंचीं, तो मेरठ की ओर आ रही तेज रफ्तार बस ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद महिला उछलकर काफी दूर जा गिरी। चालक बस लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में भी मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# यूपी पुलिस के सिपाही की मां की गला रेतकर हत्या

**घर में खून से लथपथ मिली लाश; बेटी बोली– हत्यारों की गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे**

अमन लेखनी समाचार


फूल समंदरी मृतक

मेरठ , यूपी पुलिस के एक कांस्टेबल की मां की गला रेतकर हत्या कर दी गई। महिला का शव घर के अगले हिस्से में बनी बैठक में खून से लथपथ मिला। सुबह करीब 7 बजे पड़ोस में रहने वाली एक महिला उन्हें बुलाने पहुंची तो शव देखकर शोर मचा दिया। इसके बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, महिला के गले से सोने की चेन और कानों के कुंडल गायब मिले हैं। वारदात परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के रामनगर गांव की है। मृतका की पहचान फूल समंदरी (68) के रूप में हुई है। वह घर में अकेली रहती थीं। उनका एक बेटा संभल में यूपी पुलिस में कांस्टेबल है, जबकि दूसरा बेटा परीक्षितगढ़ में कपड़ों की सिलाई का काम करता है। हत्या की वजह फिलहाल साफ नहीं हो सकी है। मृतका की बेटी ने कहा, ₹हत्यारों की गिरफ्तारी तक हम अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।₹ उधर, पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है। फूल समंदरी के पति राम सिंह की पहले ही मौत हो चुकी थी। परिवार में दो बेटे और चार बेटियां हैं। बड़ा बेटा मोनू गांव से करीब 6 किलोमीटर दूर परीक्षितगढ़ में कपड़े सिलाई की दूकान चलाता है, जबकि छोटा बेटा विपिन संभल में यूपी पुलिस में कांस्टेबल है। चारों बेटियों की शादी हो चुकी है, इसलिए फूल समंदरी घर में अकेली रहती थीं। गांववालों के अनुसार, शाम करीब 7 बजे वह खेत से काम करके घर लौटी थीं। सुबह गांव की महिला शरबती उन्हें खेत पर काम के लिए बुलाने पहुंची। घर के बरामदे में खून पड़ा देखकर उसे शक हुआ। अंदर जाकर देखा तो एक कोने में फूल समंदरी का शव पड़ा था।

**शोर मचाया तो जुटे ग्रामीण**

शव देखते ही शरबती ने शोर मचा दिया। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी सुदीश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए और पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी।

**भतीजे की बेटी की शादी में जाने की थी तैयारी**

रात फूल समंदरी की हस्तिनापुर निवासी अपने भतीजे सोनू कुमार से फोन पर बात हुई थी। सोनू ने बताया कि उसकी बेटी की शादी है। इस पर फूल समंदरी ने कहा था कि वह भी समारोह में शामिल होने आएंगी। बुधवार सुबह करीब 7 बजे सोनू ने दोबारा फोन किया, लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ मिला। कुछ देर बाद उसे सूचना मिली कि उसकी बुआ की गला रेतकर हत्या कर दी गई है ।बेटी बोली- मां की हत्या में मोहल्ले के लोगों का हाथहत्या के बाद परिवार में आक्रोश है। मौके पर पहुंची बेटी मोनी ने आरोप लगाया कि उसकी मां की हत्या किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि मोहल्ले के लोगों ने कराई है।

# ग्रेटर नोएडा में महिला 18 दिन से लापता

**पति ने गुमशुदगी दर्ज कराई, पुलिस तलाश में जुटी**

अमन लेखनी समाचार



जेवर , ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे से एक 40 वर्षीय महिला पिछले 18 दिनों से लापता है। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर पति ने शाम करीब 4 बजे दनकौर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मूलरूप से बुलंदशहर निवासी सुरेश ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ दनकौर कस्बे में रहते हैं। उनकी पत्नी बीते 12 जून को अचानक घर से कहीं चली गई और वापस नहीं लौटी। शुरूआत में परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क कर उसकी तलाश की। कई दिनों तक कोई जानकारी नहीं मिलने पर सुरेश ने दनकौर कोतवाली पहुंचकर पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई।

# ग्रेटर नोएडा में घर में घुसकर हमला

**पिता–पुत्र समेत दो घायल, चार पर केस दर्ज**

अमन लेखनी समाचार





ग्रेटर नोएडा के नगला भटोना गांव में देर रात एक परिवार पर घर में घुसकर हमला किया गया। इस घटना में पिता-पुत्र समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर शाम 3 बजे चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, नगला भटोना निवासी सुमित ने बताया कि रात करीब 10 बजे गांव के ही डब्बू, प्रवीण, शिखर और मनदीप उनके घर में जबरन घुस आए। आरोप है कि चारों ने बिना किसी कारण गाली-गलौज शुरू कर दी। जब परिवार ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने सुमित, उनके पिता सुखपाल सिंह और भाई सुंदरपाल के साथ मारपीट की। इस मारपीट में सुखपाल सिंह और सुंदरपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है पीड़ित सुमित की तहरीर के आधार पर रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने दोपहर करीब तीन बजे डब्बू, प्रवीण, शिखर और मनदीप के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आइपीओ में इन्वेस्ट के नाम पर 53 लाख ठगे

**नोएडा में वाट्सअप ग्रुप से जोड़ा, 19 बार में ट्रांसफर की गई रकम**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , पार्ट टाइम इनकम कराने के नाम पर साइबर ठगों ने इंजीनियर से करीब 53 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने आइपीओ में पैसा लगाने के बहाने पीड़ित को जाल में फंसाया। एप पर मुनाफा दिखाकर खाता खाली होने तक रकम ऐंठते रहे। कुछ समय बाद पीड़ित ने मुनाफे समेत रकम निकालनी चाही तो केवल मायूसी हाथ लगी। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

**वॉटसएप ग्रुप पर आया मैसेज**

मूल रूप से देहरादून जौलीग्रांट के आदर्श नगर के रहने वाले अखिलेश नोएडा के मोरना गांव स्थित स्टे-फियर पीजी में रहते हैं। वह शेयर बाजार में भी रुचि रखते हैं। चार फरवरी को उनके वाट्सअप नंबर पर शेयर बाजार संबंधी मैसेज आया। इस संबंध में बात करने पर ठग ने शेयर बाजार में निवेश कर पार्ट टाइम इनकम बनाने का सुझाव दिया।

**50 प्रतिशत मुनाफे की गारंटी**

आइपीओ में रकम लगाने 50 प्रतिशत तक से ज्यादा मुनाफा होने की गारंटी दी। अखिलेश के नंबर को एक वाट्सअप ग्रुप में जोड़ दिया गया। उसमें लोग मुनाफा होने के स्क्रीनशाट साझा करते। अखिलेश ने एप डाउनलोड कर छोटा निवेश किया तो मुनाफा हुआ। उन्होंने बैंक खाते में रकम ट्रांसफर कर के देखी तो वह भी एक क्लिक में आ गई।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनपद में चला व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत जनपद में गुरुवार को व्यापक स्तर पर स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई झाड़ियों की कटाई, खराब हैंडपंपों का निरीक्षण तथा नालियों की सफाई कराई गई। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए गए अभियान के दौरान सफाईकर्मियों, ग्राम पंचायत सहायकों, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकताओं तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगों को संचारी रोगों से बचाव, स्वच्छता अपनाने तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया। आज संचालित अभियान के अंतर्गत जनपद के विद्यालयों में बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। 52 ग्रामों में नालियों की सफाई कराई गई तथा 97 स्थानों पर झाड़ियों की कटाई की गई। इसके अलावा 16 हैंडपंपों का मरम्मत कार्य कराया गया और 144 वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 26 पशुपालकों को भी जागरूक किया गया तथा कृषक संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 21 बैठकों का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं संचारी रोगों की रोकथाम के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आमजन से अपील की है कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, जलभराव न होने दें तथा संचारी रोगों से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## वीबीजी-रामजी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनजागरूकता अभियान आयोजित



विकास खंड व ग्राम पंचायत में जनसम्मेलन एवं जागरूकता कार्यक्रम संपन्न।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशों के क्रम में वीबीजी- रामजी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से जनपद सोनभद्र की विकास खंड व ग्राम पंचायत में गुरुवार को जनजागरूकता कार्यक्रम एवं जनसम्मेलनों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, स्वयं सहायता समूह (रल्क्ष्ह्ह) की महिलाओं तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने सहभागिता की। इस दौरान योजना के उद्देश्य, ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका तथा पात्र लाभार्थियों को मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड रॉबर्ट्सगंज की ग्राम पंचायत बहुआर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर ग्रामीणों को योजना की जानकारी दी तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जनभागीदारी पर बल दिया।

## तेज बहाव वाले प्राकृतिक नाले में महिला और मासूम बहे, मची अफरा-तफरी

, आठ माह की बच्ची का शव मिला, महिला की तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिले में मानसून की पहली तेज बारिश एक परिवार के लिए भारी पड़ गई। अनपरा थाना क्षेत्र में उफनाए नाले के तेज बहाव में एक महिला अपनी आठ माह की बच्ची के साथ बह गई। काफी तलाश के बाद मासूम का शव घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर बरामद कर लिया गया, जबकि महिला का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस, प्रशासन और स्थानीय ग्रामीण लगातार सर्च अभियान चला रहे हैं। जानकारी के अनुसार, अनपरा थाना क्षेत्र के एमटीसी कैंप के समीप औढ़ी मोड़ निवासी 27 वर्षीय सविता पत्नी राकेश बुधवार देर शाम अपनी आठ माह की बच्ची जिया को लेकर घर से निकली थीं। उसी समय क्षेत्र में तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे पास का नाला उफान पर आ गया। आशंका है कि नाले के तेज बहाव की चपेट में आने से मां और बेटी दोनों बह गईं। रात में जब सविता घर नहीं लौटीं तो परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। गुरूवार सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। खोजबीन के दौरान दामिनी गेस्ट हाउस के सामने पुल के पास नाले में आठ माह की बच्ची जिया का शव बरामद हुआ। वहीं घटनास्थल से आगे बहाव में महिला की साड़ी भी मिली, जिससे उसके बह जाने की आशंका और मजबूत हो गई। हालांकि खबर लिखे जाने तक महिला का पता नहीं चल सका था। प्रभारी निरीक्षक अनपरा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला का घर नाले के समीप स्थित है। आशंका है कि वह बच्ची को लेकर शौच के लिए निकली थी। इसी दौरान अचानक बढ़े जलस्तर और तेज बहाव ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय महिला का पति घर पर मौजूद नहीं था। सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंचा और पुलिस को जानकारी दी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। मासूम की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि परिजन अब भी महिला के सकुशल मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। पुलिस, प्रशासन, स्थानीय गोताखोर और ग्रामीण लगातार नाले तथा आसपास के क्षेत्रों में तलाश अभियान चला रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से बारिश के दौरान उफनाए नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है।

## खास समाचार

### करमा पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट से संबंधित 2 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण में थाना करमा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना करमा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 126/2026, धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 (गैंगस्टर एक्ट) में वांछित चल रहे निम्नलिखित दो अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना के आधार पर आज दिनांक 02.07.2026 को समय 08:25 बजे बहेरा नहर पुलिया, थाना करमा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर दोनों अभियुक्तों को मा0 न्यायालय भेजा गया है।

### दुद्धी पुलिस द्वारा अलग- अलग प्रकरणों से संबंधित 03 वारंटी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार





अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में थाना दुद्धी पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग प्रकरणों से संबंधित 03 नफर वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### महिला परामर्श केंद्र, थाना दुद्धी की काउंसलिंग से पारिवारिक विवाद का सफल निस्तारण, दंपति पुनः साथ रहने को हुए तैयार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में महिला परामर्श केंद्र/मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पारिवारिक विवादों के सौहार्दपूर्ण निस्तारण के क्रम में महिला थाना दुद्धी क्षेत्र की एक महिला का वैवाहिक विवाद आपसी सहमति एवं काउंसलिंग के माध्यम से सफलतापूर्वक समाप्त कराया गया।दिनांक 02.07.2026 को मुस्कान पत्नी मोहन, निवासी वार्ड नं. 07, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र, महिला परामर्श केंद्र/मिशन शक्ति टीम के समक्ष उपस्थित होकर अवगत कराया कि पारिवारिक विवाद के कारण वह लगभग दो वर्ष पूर्व अपने मायके, ग्राम सासाराम, थाना सासाराम, जनपद रोहतास (बिहार) चली गई थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला के पति को महिला थाना दुद्धी पर काउंसलिंग हेतु बुलाया गया।

## छठी कार्यक्रम में जा रहा ऑटो पलटा, 10 घायल, तीन जिला अस्पताल रेफर

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जुगैल थाना क्षेत्र के बिगनी घाट में बुधवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बेलगड़ी से ओबरा थाना क्षेत्र के खेरटिया गांव में आयोजित छठी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे परिवार के लोगों से भरा एक सवारी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में करीब 10 लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल राहत कार्य में जुट गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे की वजह ऑटो का ब्रेक फेल होना बताई जा रही है। बिगनी घाट के पास ढलान पर पहुंचते ही चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे ऑटो सड़क पर पलट गया। हादसे के समय ऑटो में सवार सभी लोग एक ही परिवार और रिश्तेदारी के बताए जा रहे हैं, जो छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए खेरटिया जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही जुगैल पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों की मदद से ऑटो में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया और सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन पहुंचाया गया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल लोढ़ी के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल रेफर किए गए घायलों में कौशल्या देवी (40 वर्ष), निवासी लहुवन, बेलगड़ी, मीना देवी (35 वर्ष), पत्नी रामनरेश, निवासी बेलगड़ी तथा ललिता देवी (30 वर्ष), पत्नी रामनरेश, निवासी बेलगड़ी शामिल हैं। अन्य घायलों का उपचार सीएचसी चोपन में किया गया और उनकी स्थिति सामान्य होने पर उन्हें आवश्यक दवा देकर घर भेज दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां चिंता और अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर ब्रेक फेल होने की बात सामने आई है, हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

## उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित



अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद में आज दिनांक 02 जुलाई 2026 को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित वढ-ळएळ परीक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी महराजगंज गौरव सिंह सोगरवाल एवं पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा महराजगंज इंटर कॉलेज, गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक इंटर कॉलेज, जवाहरलाल नेहरू पी.जी. कॉलेज सहित जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर सुरक्षा एवं परीक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर तैनात प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, केंद्र व्यवस्थापकों तथा अन्य संबंधित कर्मचारियों को परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता, गोपनीयता एवं शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर अभ्यर्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, प्रभावी यातायात प्रबंधन एवं सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता, अव्यवस्था अथवा संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनपद महराजगंज में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित वढ-ळएळ परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन एवं महराजगंज पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है।

## UPTET परीक्षा सकुशल एवं निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्रों का किया गया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार





सोनभद्र। आज दिनांक 02.07.2026 को आयोजित UPTET परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, सोनभद्र अनिल कुमार द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं परीक्षा संचालन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को सतर्क एवं मुस्तैद रहकर ड्यूटी का निर्वहन करने, परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार, अभ्यर्थियों की चेकिंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी जायजा लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी में लगे अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए तथा स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता भंग करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा संपूर्ण परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी रखी जा रही है। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो रही है।

## भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन,



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। देशभर में लगातार हो रहे पेपर लीक, परीक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा छात्रों-युवाओं के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए), आइसा तथा भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के संयुक्त आह्वान पर गुरुवार को नगर निगम पार्क, गोरखपुर में प्रदेशव्यापी उपवास आयोजित किया गया। उपवास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) के जिला सचिव राकेश सिंह ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक और परीक्षा घोटालों ने लाखों छात्रों-युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पूरी तरह विफल साबित हुई है। इसलिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा दें तथा एनटीए को भंग कर पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह परीक्षा व्यवस्था लागू की जाए। उन्होंने कहा कि इन्हीं मांगों को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर 20 जून से छात्र-युवाओं का आंदोलन जारी है तथा 28 जून से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल चल रही है। प्रसिद्ध पर्यावरण एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक, आइसा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा सहित कई छात्र-युवा नेता आमरण अनशन पर बैठे हैं। गोरखपुर का यह उपवास उसी आंदोलन के समर्थन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जन संस्कृति मंच के राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह ने अपने संदेश में कहा कि पेपर लीक केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों और मेहनत के साथ किया गया गंभीर अन्याय है। उन्होंने कहा कि सरकार दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे, एक विश्वसनीय और जवाबदेह परीक्षा व्यवस्था लागू करे तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा दें। उपवास सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता हरिद्वार प्रसाद ने की तथा संचालन शहरी गरीब मोर्चा के संयोजक दीनदयाल यादव ने किया। उपवास कार्यक्रम में भाकपा (माले) के जिला सचिव राकेश सिंह के नेतृत्व में जिला कमेटी सदस्य प्रभु नाथ सिंह, नन्दू प्रसाद, अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के जिला सचिव विनोद भारद्वाज, जिला कमेटी सदस्य एवं महिला नेता पुष्पा चौहान, रामपुर नये गांव के लोकल कमेटी सचिव एहतेशाम हक, सुदामा प्रसाद, जिला कमेटी सदस्य सुग्रीव निषाद, वरिष्ठ नेता हरिद्वार प्रसाद, युवा नेता मनोज निषाद, गुड्डू भारती सहित अनेक कार्यकर्ता और छात्र-युवा उपस्थित रहे। सभी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, एनटीए को भंग कर पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था लागू करने तथा दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र-युवा आंदोलन के समर्थन में एकजुटता व्यक्त की।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

## क्षेत्राधिकारी दुद्धी द्वारा थाना दुद्धी का आकस्मिक निरीक्षण

, अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा- निर्देश

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। नवागत क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी द्वारा थाना दुद्धी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, बैरक, भोजनालय एवं थाना परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही अपराध रजिस्टर, जीडी, आगंतुक रजिस्टर, बीट रजिस्टर सहित विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन कर उनके सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रख-रखाव के निर्देश दिए गए क्षेत्राधिकारी द्वारा लंबित विवेचनाओं, शिकायती प्रार्थना-पत्रों एवं अन्य प्रचलित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण, वांछित/वारंटी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा प्रभावी विवेचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, शस्त्रों के सुरक्षित संरक्षण तथा पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित समस्त पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, कानून- व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखें, नियमित गश्त एवं प्रभावी चेकिंग अभियान चलाते रहें तथा आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते हुए पुलिस की सकारात्मक छवि बनाए रखें।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।


मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## फिर कॉमेडी करने आ रहे हैं अनु उत्तर दा पुत्तर का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। अनु कपूर अपनी अलग तरह की अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। कई फिल्मों में उन्होंने शानदार कॉमेडी की है। अब वह एक नई फिल्म में फिर से कॉमेडी करने वाले हैं। यह फिल्म है 'उत्तर दा पुत्तर'। गुरुवार को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। ट्रेलर में इमोशन, ट्विस्ट और मनोरंजन का मिश्रण देखने को मिल रहा है। एक मिनट 48 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनु कपूर भौतिक विज्ञान के अध्यापक हैं। वह गृह और वास्तु को मानते हैं। इसके चलते उनको मुश्किल होती है। वह अपने दोस्तों को अच्छी सलाह देते हैं, मगर खुद परेशान रहते हैं। कहानी 'कर्म बड़ा या किस्मत?' के सवाल के आस-पास घूमती है।



लाइफ Style


## तमन्ना सुहावने मौसम का उठाया आनंद

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया का बारिश वाला वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में है। एक्ट्रेस बारिश मे भीगकर इंजॉय करती दिख रही हैं, लेकिन उनके वीडियो को देखकर उनकी दोस्त और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी काफी निराश हो गईं।

तमन्ना भाटिया ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर मुंबई की झमाझम बारिश का एक वीडियो शेयर किया। क्लिप में तमन्ना बारिश देखकर बेहद एक्साइटेड दिखीं, इसके बाद वो बारिश में भीगने लगीं और सुहावने मौसम का पूरा आनंद उठाया। थोड़ी देर बाद उन्होंने कैमरे पर कहा, 'अब मुझे ठंड लग रही है। मैंने मजे-मजे में यह कर तो लिया।' पोस्ट के कैप्शन में तमन्ना ने लिखा, 'मुझे भी अभी ठंड लग रही है।' राशा थडानी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए तमन्ना से पूछा, 'आपने मेरे बिना ऐसा क्यों किया?' राशा का यह कमेंट अब फैंस के बीच खूब वायरल हो रहा है। दोनों एक्ट्रेसेस के बीच लंबे समय से अच्छी दोस्ती मानी जाती है, जिस वजह से राशा का कमेंट और भी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। अब तमन्ना के आने वाले प्रोजेक्ट्स की बात करेंतो वह जल्द ही मोस्ट अवेटेड ड्रामा 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में दिखेंगी, जिसमें पहली बार सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। फिल्म को लेकर उम्मीद है कि ये 28 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। माना जा रहा है कि लोक कथाओं पर आधारित यह थ्रिलर फिल्म मध्य भारत के जंगलों के बैकग्राउंड पर बनी है।

हॉलीवुड मसाला




## फ्रैंकी ने की तलाक की घोषणा

लॉस एंजिल्स। फ्रैंकी मुनिज हॉलीवुड फिल्मों के जाने-माने अभिनेता हैं। अभिनेता ने गुरुवार को अपने तलाक की खबर फैंस के साथ सोशल मीडिया पर साझा की है। शादी के 6 साल बाद वह अपने पत्नी से अलग हो गए हैं। अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में फ्रैंकी मुनिज ने लिखा, 'लाइफ अपडेट। साथ में कई खूबसूरत साल बिताने के बाद हम दोनों में ऐसे बदलाव आए हैं जिनसे हमें अहसास हुआ कि हमारा रिश्ता एक गहरी दोस्ती और को-पैरेंट्स के तौर पर सबसे ज्यादा नैचुरल और मजबूत लगता है। हमारा एक बहुत प्यारा बेटा है जो हमारी दुनिया है।



## किम के बेटे साल्म का हॉलीवुड डेब्यू

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी स्टार किम कार्दशियन के छोटे बेटे साल्म वेस्ट ने हॉलीवुड में कदम रख लिया हैं। वह आने वाली एनिमेटेड फिल्म 'द एंग्री बड्र्स मूवी 3' में 'ओली' के किरदार को अपनी आवाज दी है। अपने शो 'द कार्दशियंस' के एक एपिसोड में किम ने बताया कि जब इस फिल्म के लिए उनके बेटे को चुना गया, तो वह बहुत खुश हुए। किम ने अपने बेटे के बारे मे बात करते हुए कहा, 'साल्म बहुत ही समझदार और नटखट बच्चा है। उसकी आवाज बहुत प्यारी है। जब मेकर्स ने फोन करके पूछा कि क्या साल्म एक नए पक्षी के किरदार को आवाज देना चाहेंगे, तो वह बेहद उत्साहित हो गए।' साल्म वेस्ट फिल्म 'द एंग्री बड्र्स मूवी 3' में 'ओली' नाम के एक छोटे चूजे को अपनी आवाज दी है। इस फिल्म में पुराने और मशहूर किरदार जैसे रेड, चक और बॉम्ब भी वापस लौट रहे हैं।



## सोनी ने साझा की चार पीढ़ियों की तस्वीर


मुंबई। अभिनेत्री आलिया भट्ट की नई एक्शन फिल्म अल्फा 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म की रिलीज से ठीक एक दिन पहले गुरुवार को आलिया की मां और अभिनेत्री सोनी राजदान ने सोशल मीडिया पर एक बहुत ही प्यारी और भावुक पोस्ट साझा की है। सोनी ने इंस्टाग्राम पर एक खास तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में उनके परिवार की चार पीढ़ियां एक साथ नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में आलिया भट्ट की 97 साल की नानी, आलिया की मां सोनी राजदान, खुद आलिया और आलिया की बेटी राहा कपूर नजर आ रही हैं। सोनी ने अपनी 97 साल की मां को असली 'ओजी यानी अल्फा वुमन' बताया। उन्होंने अपनी मां के बचपन के मुश्किल दिनों को याद करते हुए लिखा, 'मेरी मां जब सिर्फ 6 साल की थीं, तब उन्हें नाजी जर्मनी छोड़कर जाना पड़ा था।



## होते-होते प्यार हो गया का मनाया जश्न

मुंबई। बॉलीवुड फिल्म 'होते होते प्यार हो गया' 2 जुलाई 1999 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। गुरुवार को फिल्म की रिलीज के पूरे 27 साल हो गए हैं। इस खुशी के मौके पर जैकी श्रॉफ ने सोशल मीडिया पर अपनी इस फिल्म की कुछ खास तस्वीरें साझा की हैं। इस खास मौके पर जैकी श्रॉफ ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'होते होते प्यार हो गया' की खूबसूरत तस्वीरों को मिलाकर एक छोटा सा वीडियो मोंटाज साझा किया है। वीडियो के साथ जैकी ने फिल्म का टाइटल सॉन्ग भी लगाया है। 'होते होते प्यार हो गया' फिल्म दो ऐसे अनजान लोगों की कहानी थी, जिनकी अचानक शादी हो जाती है और फिर धीरे-धीरे दोनों में प्यार हो जाता है। इस फिल्म को फिरोज ईरानी ने निर्देशित किया था।

टीवी मसाला



## रुपाली ने साझा की साराभाई वर्सेस साराभाई की पुरानी यादें

नई दिल्ली। रुपाली गांगुली ने दिग्गज अभिनेता सतीश शाह को याद करते हुए एक खास पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की है। यह पोस्ट उनके टीवी सीरियल 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की पुरानी यादों को ताजा करती है। रुपाली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खास वीडियो साझा किया है। इस वीडियो के साझा करते हुए रुपाली बहुत भावुक हो गईं। इस पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'उन्हें (सतीश शाह) को बहुत-बहुत याद करती हू।' 'साराभाई वर्सेस साराभाई' शो में सतीश शाह ने 'इंद्रावदन साराभाई' का और रुपाली गांगुली ने उनकी बहू 'मोनिशा' का किरदार निभाया था। इस शो को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। यह एक कॉमेडी शो था। टीवी सीरियल 'साराभाई वर्सेस साराभाई' में दिखाया गया कि अमीर परिवार के होने के बावजूद इंद्रावदन हमेशा अपनी मिडिल-क्लास बहू मोनिशा का साथ देते थे। जब भी इंद्रावदन की पत्नी माया साराभाई (रत्ना पाठक शाह) मोनिशा को उसके सलीके के लिए टोकती थीं, तो इंद्रावदन मोनिशा के ढाल बनकर खड़े हो जाते थे। दोनों की यह नोक-झोंक दर्शकों को बहुत पसंद आती थी। 'साराभाई वर्सेस साराभाई' सुपरहिट कॉमेडी शो साल 2004 से 2006 तक टीवी पर आया था। साल 2017 में इसका दूसरा सीजन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुआ था। इस शो में सतीश शाह, रत्ना पाठक शाह, रुपाली गांगुली, सुमित राघवन और राजेश कुमार ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। सतीश शाह बॉलीवुड और टीवी जगत के बहुत बड़े कलाकार थे।

### कोई ऐसे आदमी से शादी नहीं करेगा : श्रेया

नई दिल्ली। बीते दिनों जब हर्षद चोपड़ा रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में शामिल हुए तो उन्होंने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा एक बड़ा राज सबके



सामने खोला। यह राज जानकर फैंस भी दंग थे। वहीं, एक दूसरी प्रतियोगी श्रेया कालरा 'लॉकअप 2' में हर्षद को लेकर अजीब बयान दे रही हैं। उनका कहना है कि जिस तरह का व्यवहार हर्षद का है, ऐसे में कोई लड़की उनसे शादी नहीं करेगी। इस बात से हर्षद के फैंस नाराज हो गए हैं और श्रेया को सोशल मीडिया पर ट्रोल कर रहे हैं। एक वायरल वीडियो में श्रेया 'लॉकअप 2' की एक प्रतियोगी से कहती हैं, 'हर्षद का सीरियल नहीं चला, उसने सोचा शो में आएगा तो फैंस से कनेक्ट हो जाएगा। वह बहुत घमंडी है, बाहर भी उसका ऐसा ही व्यवहार है। कोई ऐसे आदमी से शादी नहीं करेगा।'

## आज रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज ओटीटी और थिएटर पर होगा धमाका...

नई दिल्ली। सिनेमा प्रेमियों के लिए 3 जुलाई का दिन बेहद खास होने वाला है! इस शुक्रवार को न सिर्फ ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर बड़े स्टार्स डिजिटल डेब्यू कर रहे हैं, बल्कि सिनेमाघरों में भी तगड़ी एक्शन, सस्पेंस और एडवेंचर फिल्में रिलीज हो रही हैं। अगर आप भी वीकेंड को मजेदार बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो थिएटर से लेकर ओटीटी तक की इस पूरी लिस्ट को देख लें।

**अल्फा** : 'वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स' की ये पहली फीमेल सेंट्रिक फिल्म है। इस फिल्म में दो महिला जासूसों को एक खतरनाक दुश्मन के खिलाफ मजबूरी में हाथ मिलाना पड़ता है और इस मिशन के लिए ऋतिक रोशन उन्हें ट्रेन करते हैं। एक्टर्सः आलिया भट्ट, शरवरी वाघ, अनिल कपूर, बॉबी देओल और ऋतिक रोशन, डायरेक्टरः शिव रवैल, जॉनरः स्पाई एक्शन-थ्रिलर, थिएटर रिलीज।

**नागाबंधमः द सीक्रेट ट्रेजर** : ये फिल्म भारत के प्राचीन विष्णु मंदिरों और वहां से जुड़े रहस्यमयी 'नागाबंधम' अनुष्ठान के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में छिपी हुई परंपराओं, आध्यात्मिक शक्तियों और इतिहास के उन गहरे रहस्यों को दिखाया गया है, जो हमारी आस्था से जुड़े हैं। एक्टर्सः विराट कर्णा, नाभा नटेश, महेश



मांजरेकर, जगपति बाबू, डायरेक्टरः अभिषेक नामा, जॉनरः एक्शन एडवेंचर / मिस्ट्री ड्रामा, थिएटर रिलीज (तेलुगू, हिंदी, कन्नड़ आदि)।


**बेबी डो डाई डो** : मुंबई की भागदौड़ के बीच, एक मूक-बधिर महिला कॉन्ट्रैक्ट किलर के रूप में दोहरी जिंदगी जी रही है, जिसे हत्याएं करते समय केवल अपनी मृत बहन की आवाज सुनाई देती है। लेकिन, जब उसका एक मिशन गलत हो जाता है, तो उसके अतीत के काले राज और गहरे धोखे सामने आने लगते हैं। एक्टर्सः हुमा कुरैशी, चंकी पांडे, सिकंदर खेर, सीमा पाहवा, विद्या मालवड़े, डायरेक्टरः नचिकेत सामंत, जॉनरः साइकोलॉजिकल थ्रिलर / मर्डर मिस्ट्री, थिएटर रिलीज।

**प्रीतम एंड पेड्रो** : मशहूर डायरेक्टर राजकुमार हिरानी इस सीरीज से अपना ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। कहानी में वीर एक टेक-सेवी साइबर एक्सपर्ट 'प्रीतम' बने हैं, जबकि अरशद वारसी पुराने जमाने के पुलिस अधिकारी 'पेड्रो' हैं। इन दोनों की बेमेल जोड़ी एक हाई-प्रोफाइल किडनैपिंग केस को सुलझाने और विक्रांत मैसी जैसे खतरनाक साइबर क्रिमिनल को पकड़ने के लिए साथ आती है। एक्टर्सः वीर, अरशद वारसी, विक्रांत मैसी, डायरेक्टरः राजकुमार हिरानी (क्रिएटर और प्रोड्यूसर), जॉनरः साइबरक्राइम कॉमेडी-ड्रामा, ओटीटीः जियोहॉटस्टार।

**मॉलीवुड टाइम्स** : ये कहानी कुट्टिक्कनम के एक युवा फिल्म निर्माता विनीत माधवन की है। विनीत का सपना हॉलीवुड डायरेक्टर एम. नाइट श्यामलन से प्रेरित होकर मलयालम सिनेमा का सबसे बड़ा हॉरर डायरेक्टर बनने का है। एक्टर्सः नसलिन, शराफ यू धीन, विनीत श्रीनिवासन, संगीत प्रताप, बासिल जोसेफ (कैमियो), डायरेक्टरः अभिनव सुंदर नायक, जॉनरः साइकोलॉजिकल डार्क कॉमेडी, ओटीटीः जियोसिनेमा।

## रामायणम के ट्रेलर से लीक हुआ 11 सेकेंड का अहम सीन!

मुंबई। नितेश तिवारी की बिग बजट फिल्म 'रामायणम' की रिलीज का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वो रणबीर कपूर को भगवान राम और यश को लंकापति रावण के किरदार में देखने के लिए एक्साइटेड हैं। पर इसी बीच फिल्म के ट्रेलर से 11 सेकेंड का एक सीन लीक हो गया है, जिसे देख फैंस भड़क गए हैं और एक्शन की मांग कर रहे हैं। हालांकि, अभी लीक को लेकर 'रामायणम' के मेकर्स की तरफ से कोई बयान या प्रतिक्रिया नहीं आई है। एक्स पर वायरल हो रहे वीडियो में रणबीर कपूर राम के अवतार में हैं और वह एक राक्षस का वध करते नजर आ रहे हैं। यूजर्स का दावा है कि यह सीन कथित तौर पर फिल्म 'रामायणम' के ट्रेलर का हिस्सा है, जिसे हाल ही सिनेमाकॉन इवेंट में दिखाया गया था। यूजर्स भड़के हुए हैं लीक पर एक्शन की मांग कर रहे हैं। हालांकि, कुछ यूजर्स का यह भी कहना है कि लीक हुआ सीन असली नहीं है बल्कि एआई जेनरेटेड है। इसका उन्होंने पूरा वीडियो भी शेयर किया है। कई यूजर्स ने इस एआई वीडियो को 'रामायणम' के ओरिजनल टीजर और 'आदिपुरुष' से 100 गुना बेहतर



बताया। मालूम हो कि 'रामायणम' के टीजर को अप्रैल में हनुमान जयंती के मौके पर रिलीज किया गया था। तब फिल्म से राम के किरदार में रणबीर कपूर की झलक दिखाई गई थी। रावण बने यश भी नजर आए थे। पर टीजर को मिक्स्ड रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म के वीएफएक्स कुछ खास पसंद नहीं किए गए थे। आपने अब तक जो देखा है, वह तो बस शुरुआत है... हम सब इस दिवाली पर अपनी संस्कृति और इतिहास का जश्न मनाने के लिए अपनी इस महागाथा को सबसे बड़े पर्दे पर जीवंत करने की कोशिश कर रहे हैं। 'रामायणम' को दो पार्ट में रिलीज किया जाएगा। पहला पार्ट 8 नवंबर 2026 को रिलीज होगा, जबकि दूसरा पार्ट दीवाली 2027 पर आएगा।

### सच्ची घटना पर है आधारित, 183 करोड़ में बनी, कमाए 1050 करोड़

## वो फिल्म जिसे बनने में लगे 20 साल, 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीत रचा इतिहास

*नई दिल्ली। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक हर साल न जाने कितनी फिल्में बनती हैं। इन फिल्मों के बनने के साथ ही इसके साथ कई किस्से भी जुड़े होते हैं। फिल्म बनने से लेकर उसके थिएटर रिलीज तक को लेकर फैंस के बीच में काफी एक्साइटमेंट रहती है। वहीं, किसी भी फिल्म के अवॉर्ड मिलना एक बड़ी बात है। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके बनने में ही 20 साल लग गए। हालांकि, इसका ये इंतजार बेकार नहीं गया, इस फिल्म ने रिलीज के बाद इतिहास रच दिया। इस फिल्म ने एक दो नहीं बल्कि, 11 में से 8 ऑस्कर अवॉर्ड्स जीते। ये फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है।*



### रिचर्ड एटनबरो ने किया था निर्देशन

हम बात कर रहे हैं साल 1982 में आई फिल्म 'गांधी' की। ये कोई बॉलीवुड फिल्म नहीं, बल्कि हॉलीवुड फिल्म है। 'गांधी' एक हॉलीवुड मूवी है। इस ब्रिटिश-इंडो फिल्म का निर्देशन रिचर्ड एटनबरो ने किया था। ये भले ही ये एक हॉलीवुड मूवी हो, लेकिन इसमें ज्यादातर काम बॉलीवुड स्टार्स ने किया है। ये फिल्म काफी सुर्खियों में रही थी।

### गांधी का रोल कर चमकी बेन किंग्सले की किस्मत

साल 1982 में आई ब्रिटिश-इंडो फिल्म 'गांधी' में फिल्म में बेन किंग्सले ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का किरदार निभाया और वो इस किरदार में ऐसे चमके कि हर कोई देखता रह गया था। इस फिल्म ने बेन को एक खास और अलग पहचान दिलाई। उनकी परफॉर्मेंस के लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का ऑस्कर भी मिला था।

***बजट से कई गुना ज्यादा की कमाई :*** फिल्म 'गांधी' को लगभग 183 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था। इसने उत्तरी अमेरिका में इसने करीब 52.7 मिलियन डॉलर से ज्यादा कमाई की। वहीं, 'गांधी' ने दुनिया भर में लगभग 127.8 मिलियन डॉलर की कमाई की यानी भारतीय करेंसी में फिल्म ने उस वक्त दुनियाभर में करीब 1050 करोड़ रुपए की कमाई की थी। फिल्म को क्रिटिकल के शानदार रिव्यू मिले हैं।

### इन बॉलीवुड सितारों ने निभाया अहम रोल

मूवी में रोहिणी हट्टंगड़ी ने फिल्म में 'कस्तूरबा गांधी' किरदार निभाया। इसके अलावा अमरीश पुरी ने फिल्म में 'खान' के किरदार में नजर आए। वहीं, फिल्म में रोशन सेठ (नेहरू), सईद जाफरी (पटेल) और ओम पुरी जैसे दिग्गज कलाकार भी लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहे। यही वजह है कि गांधी के चलते भारत की झोली में ऑस्कर आया और ये फिल्म हमेशा के लिए यादगार बन गई। इस फिल्म को आईएमडीबी 8 रेटिंग मिली है। इस फिल्म ने 1983 के 55वें एकेडमी अवॉर्ड्स में धूम मचा दी थी। फिल्म 11 श्रेणियों में नॉमिनेट हुई थी और इसने 8 ऑस्कर जीते।